# उदयदेश

वर्ष 15 अंक 274 | भिण्ड, सोमवार 8 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8 मूल्य 1.50


## स्वास्थ्य क्षेत्र सर्वोपरि, इसलिए खुले में खाद्य सामग्री के विक्रय पर की गई कार्रवाई - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज होगा**

**मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिलेंगे पर्याप्त आर्थिक संसाधन - केन्द्रीय मंत्री श्री मांडविया**

**218 करोड़ रूपए लागत की 187 स्वास्थ्य संस्थाओं का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण**

**उज्जैन में देश की पहली हेल्दी एंड हाइजेनिक फूड स्ट्रीट का लोकार्पण**

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस परिसर में प्रसादम के माध्यम से हेल्दी फूड मिलेगा। अच्छे स्वास्थ्य के को समान महत्व देते हुए योजनाएं क्रियान्वित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में फूड स्ट्रीट प्रसादम एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर इसलिए विज्ञान और प्राद्योगिकी विभाग के साथ ही अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से उज्जैन में ऑब्जर्वेटरी की स्थापना की पहल की गई। उज्जैन से अनेक विभूतियों मनसुख मांडविया ने कहा कि महाकाल के पवित्र स्थान पर फूड स्ट्रीट का शुभारंभ हो रहा है। यह फूड स्ट्रीट यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि



लिए अच्छे आहार के विचार को क्रियान्वित किया जा रहा है। जन-स्वास्थ्य रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस नाते गत कुछ सप्ताह में खुले में खाद्यान्न सामग्री बेचने और अस्वच्छ तरीके से माँसाहार के विक्रय पर अंकुश के लिए 25 हजार से अधिक दोषी लोगों को दंडित किया गया है। नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज के लिए संकल्पबद्ध है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज हो, इस दिशा में राज्य सरकार भरपूर प्रयास करेगी। समाज के गरीब वर्ग के साथ महिलाओं, किसानों और युवाओं के कल्याण

रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने संयुक्त रूप से उज्जैन फूड स्ट्रीट ( प्रसादम ) का उद्घाटन किया। यह देश की पहली हेल्दी एंड हाइजैनिक फूड स्ट्रीट है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की रचना को देखें तो यह पृथ्वी का लघु रूप भी है। दुनिया के इस छोटे से स्वरूप में 84 महादेव हैं, सप्त सागर हैं। काल का केन्द्र महाकाल है। उज्जैन भविष्य का ग्रीनविच है। जब 21 जून और 22 दिसम्बर को सूर्य देव कक्षा बदलते हैं तो अपनी परछाई भी नहीं दिखाई देती। उज्जैन में काल गणना पौराणिक काल से हो रही है। करीब 300 वर्ष पहले तक समय की गणना दुनिया में कहीं से होती थी तो वह शहर मध्य बिंदु उज्जैन था।

का उदय हुआ है। हजारों वर्ष से विभूतियों का संबंध उज्जैन से रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम पिता के श्राद्ध के लिए उज्जैन आए थे। इसी तरह भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा यहीं हुई। महात्मा बुद्ध के काल में सम्राट अशोक ने अपने बेटे और बेटी को यहीं से बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य देशों के लिए रवाना किया। सम्राट विक्रमादित्य, भर्तृहरि सभी का संबंध उज्जैन से रहा है। राजा भोज के विषद ज्ञान को भोज पत्रों से जाना जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया का केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से प्राप्त सहयोग के लिए आभार माना। केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ.

प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने की ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने विकसित भारत के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक माना है। पहली बार देश में यह हुआ है कि विकास को मनुष्य के स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। सिर्फ अस्पतालों के निर्माण से स्वास्थ्य क्षेत्र में लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। नागरिक स्वस्थ रहें, इसके लिए उन्हें हाइजैनिक फूड मिलना जरूरी है। आने वाले समय में उज्जैन के बाद अन्य नगरों में इस तरह के फूड स्ट्रीट प्रारंभ किए जाएंगे।

## उज्जैन शहर के नालों एवं सीवरेज का पानी शिप्रा में न मिले, मुख्यमंत्री ने दिये सख्त निर्देश

**सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिये उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें - मुख्यमंत्री डॉ.यादव**

**मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक ली**




भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिये उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चिन्ता का विषय है कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये विशेषज्ञों की राय ली जाये। गन्दा पानी हम शिप्रा में जाने से कैसे रोके, इसका प्लान तैयार किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्दे पानी के नाले एवं सीवरेज का पानी को रोकने के लिये सांवेर, रामवासा, पंथपिपलई, राघौपिपल्या में स्टापडेम बनाया जाये और यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाये। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से साफ हुए पानी का उपयोग किसान सिंचाई के लिये करें, इसके लिये किसानों को समझाईश भी दी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में गन्दा पानी शिप्रा में जाने से रोकना चाहिये। उन्होंने कहा कि साल दो साल में नई कॉलोनियां भी डेवलप होती हैं। वहां के सीवरेज के पानी की निकासी भी पर्याप्त व्यवस्था की जाये। वह पानी किसी भी स्थिति में शिप्रा नदी में न मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टापडेम का रख-रखाव, मरम्मत का कार्य एवं आवश्यकता पड़ने पर उसकी ऊंचाई बढ़ाने का काम प्राथमिकता से किया जाये। उक्त निर्देश मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक में दिये। बताया गया कि कान्ह नदी पर पक्का स्टापडेम बनाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदावल में पम्पिंग स्टेशन है। पानी को स्टापडेम की ओर डायवर्ट किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांवेर पर ही गन्दे पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं स्टापडेम बनाकर कंट्रोल कर लें तो शिप्रा शुद्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में टाटा प्रोजेक्ट अपना कार्य समय पर पूरा नहीं कर रही है। उनके कार्यों की पुनः समीक्षा की जाये। उन्होंने कहा कि नृसिंह घाट में किसी भी स्थिति में गन्दगी इकट्ठी न हो, अन्यथा वह रामघाट तक प्रवाहित होती है। गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही जगह कचरा डम्प होने से आसपास के पांच गांव में पेयजल पीने योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई-नई टेक्नालॉजी आ गई है। आवश्यकता है कि नई टेक्नालॉजी के द्वारा हम कचरा अपशिष्ट प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर निगम के अपशिष्ट पदार्थ एवं इण्डस्ट्री के गन्दे पानी को रोकने का प्लान तैयार करें। उन्होंने इन्दौर संभागायुक्त श्री मालसिंह को निर्देश दिये कि कार्य-योजना तैयार करें। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने रूद्र सागर में मिलने वाले नाले, नई कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि गन्दे नालों के पानी की रोकथाम के लिये छोटे-छोटे स्टापडेम बनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। बैठक में विधायक श्री सतीश मालवीय, महापौर श्री मुकेश टटवाल, संभागायुक्त डॉ.संजय गोयल, इन्दौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह, उज्जैन कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, देवास कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया एवं उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सन्तजनों के आश्रमों में जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया**



भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने श्री महाकालेश्वर मन्दिर में पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गर्भगृह के बाहर द्वार से दर्शन कर पूजा-अर्चना की। पूजन-अर्चन पं. राजेश गुरू आदि ने सम्पन्न करवाई। पूजन-अर्चन के बाद मुख्यमंत्री, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री, उप मुख्यमंत्री को कलेक्टर एवं श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री नीरज कुमार सिंह ने भगवान श्री महाकाल की तस्वीर, प्रसाद, दुशाला भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक श्री सतीश मालवीय, यूडीए अध्यक्ष श्री श्याम बंसल, संभागायुक्त डॉ.संजय गोयल, आईजी श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, एसपी श्री सचिन शर्मा, श्री विवेक जोशी, श्री विशाल राजौरिया, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री इकबाल सिंह गांधी, श्री राजपाल सिंह सिसौदिया, श्री संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती, श्री सत्यनारायण खोईवाल, श्री मुकेश यादव, श्री सचिन सक्सेना, श्री मुकेश जैन, श्री धनंजय शर्मा, श्री जगदीश पांचाल, श्री दिनेश जाटवा, श्री ऋषि वर्मा आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मन्दिर देवदर्शन के पहले वाल्मिकीधाम स्थित राष्ट्रीय सन्त बालयोगी श्री उमेशनाथ महाराज के आश्रम पहुंचकर समाधि के दर्शन कर बालयोगी श्री उमेशनाथ महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री उमेशनाथ महाराज ने मुख्यमंत्री का सम्मान कर आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भर्तृहरि गुफा पहुंचकर श्री शिव गोरखनाथाय का पूजन-अर्चन किया। भर्तृहरि गुफा के गादीपति महन्त श्री रामनाथ महाराज ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने महन्त श्री रामनाथ महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। भर्तृहरि गुफा में स्थित गौशाला में गौमाता को भूसा खिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल गऊघाट स्थित महन्त श्री रामेश्वरदास के आश्रम पहुंचकर महन्तश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम के महन्तों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री रामेश्वरदास महाराज, महाकालेश्वर मन्दिर के महन्त श्री विनीत गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर मंदाकिनी दीदी, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन्दौर रोड स्थित तपोभूमि पहुंचकर तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का जैन समाज के नागरिकों ने अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उन्हें मालवा गौरव से सम्मानित कर जैन समाज के पदाधिकारियों ने 58 प्रकार के विविध फलों से एवं मालाओं से मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री को आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने दण्ड भेंट किया। धर्मदण्ड प्रदान कर आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि यह धर्मदण्ड रक्षा करेगा और धर्मदण्ड न्याय का प्रतीक है और मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता में न्याय प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि मेरी ओर से और जैन समाज की ओर से उन्हें चौबीसों घंटे आशीर्वाद मिलता रहेगा। सकल जैन समाज की ओर से मुख्यमंत्री का समाजसेवी श्री अशोक जैन ने तिलक लगाकर, पगड़ी पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। इसी तरह सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायकद्वय श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री ओम जैन, श्री राकेश अग्रवाल, श्री कपिल यार्दे आदि ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि हमें कई पुण्यों के बाद मानव योनी प्राप्त होती है। मानव योनी प्राप्त होने पर व्यक्ति देवमार्ग पर चलता है या लोभ-लालच की राह पर चलता है। यह हमें तय करना है। मनुष्य के जन्म के बाद परमात्मा सन्तों के सान्निध्य से आशीर्वाद मिलते हैं और उनके बताये गये सही रास्ते पर चलकर मानव कल्याण के लिये काम करें।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के बाद उज्जैन में भी ठंड में ठिठुरते लोगों को दिया सहारा

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में गौशाला और आश्रमों का किया भ्रमण**

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रविवार को प्रातः उज्जैन नगर के विभिन्न आश्रमों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौमाता को चारा भी खिलाया। इसके पूर्व शनिवार की देर रात्रि उज्जैन पहुंचने पर फुटपाथ पर विश्राम कर रहे नागरिकों को कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रातः संत बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज के आश्रम पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। बाल्मिकी धाम में समाधि के दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पश्चात भृर्तहरि गुफा पहुंचकर महंत रामनाथ जी से भेंट की। उन्होंने पूजा अर्चना के पश्चात गौशाला में गायों को चारा खिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भैरवगढ़ केन्द्रीय जेल परिसर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### ठंड में ठिठुरते लोगों को कंबल वितरित किए

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार देर रात उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने चामुंडा चौराहा पर ठंड में ठिठुरते हुए बुजुर्गों को कंबल बांटे। इसके बाद देवास गेट बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर वहां मौजूद यात्रियों को उन्होंने जब ठंड में ठिठुरते देखा तो उनसे बातचीत की और उन्हें कंबल वितरित किए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी भोपाल में भी कुछ दिन पूर्व रैन बसेरों और शहर के विभिन्न हिस्सों में शीतकाल में फुटपाथ पर रात बिता रहे निर्धन लोगों से मुलाकात की थी और उन्हें कंबल वितरित किए थे। ऐसे नागरिकों को ठंड से बचाने के लिए आवश्यक सहयोग के लिए प्रशासन को निर्देश भी दिए।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीराम मंदिर की संगीतमय महागाथा का श्रवण किया

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविन्द्र भवन में करूणाधाम आश्रम द्वारा आयोजित श्रीराम मंदिर की संगीतमय महागाथा का श्रवण किया। इस अवसर पर खेल एवं युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री भगवानदास सबनानी सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त और श्रद्धालु उपस्थित थे। कथावाचक श्री मोहित शेवानी व साथीगण ने श्रीराम मंदिर की गाथा की संगीतमयी, मनोरम एवं रोचक ढंग से प्रस्तुति दी।

# भारत भ्रमण पर निकले सीजेआई चंद्रचूड़, चुनौतियों का समाधान पाने गांव-गांव घूम रहे



नई दिल्ली( ए )। भारत के मुख्य न्यायाधीश ( सीजेआई ) डी.वाई. चंद्रचूड़ इन दिनों गांव-गांव घूमकर चुनौतियों का समाधान पाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मंदिरों पर लगे ध्वजों से प्रेरणा लेते हुए शनिवार को जिला अदालत के वकीलों से इस तरह से कार्य करने का आग्रह किया कि आने वाली पीढ़ियों तक 'न्याय की ध्वजा' फहराती रहे। वह इन दिनों भारत भ्रमण पर हैं। मीडिया में आई एक रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि वह न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और समाधानों की पहचान करने के लिए 'महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों से प्रेरित होकर' विभिन्न राज्यों का दौरा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी दो दिवसीय गुजरात यात्रा उसी प्रयास का हिस्सा थी। उन्होंने आगे कहा कि 'मैंने पिछले एक साल में विभिन्न राज्यों का दौरा करने की कोशिश की ताकि मैं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों और जिला न्यायपालिका के अधिकारियों से मिल सकूं, उनकी समस्याओं को सुन सकूं और इस तरह, हम न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान ढूंढ सके। सीजेआई ने कहा ?कि मैं उनकी समस्याओं को समझने और प्रभावी समाधानों की पहचान करने में सक्षम हूं।' उन्होंने कहा कि उनके दौरे का उद्देश्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और जिला न्यायपालिका के अधिकारियों के साथ भारतीय न्यायपालिका की उपलब्धियों को साझा करना भी है। गौरतलब है कि शनिवार को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने राजकोट में एक नए जिला न्यायालय भवन का उद्घाटन किया। बताया गया ?कि राजकोट में जामनगर रोड पर 110 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए न्यायालय भवन में लगभग 50 न्यायालय कक्ष होंगे।

# प्राण-प्रतिष्ठा दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव, जश्न मनाने में कोई बुराई नहीं

मुंबई ( ए )। गीतकार जावेद अख्तर ने कहा है कि अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव है। इसके जश्न मनाने में कोई बुराई नहीं होनी चाहिए। बता दें कि जावेद अख्तर भारतीय सिनेमा का एक बड़ा नाम है जो हमेशा ही किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। आजकल वे राम मंदिर पर दिए बयानों के जरिए लाइमलाइट में हैं। हाल ही में उन्होंने फिर से एक इवेंट के दौरान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अपनी राय बताई है। गीतकार जावेद अख्तर ने हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में आयोजित हुए अजंता- एलोरा फेस्टिवल में पहुंचकर श्रीराम मंदिर पर भी अपने विचारों को बयां किया। साथ ही उन्होंने अयोध्या मंदिर के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। लिरिक्स राइटर जावेद अख्तर ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से किसी को भी कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। जब सुप्रीम कोर्ट ने ही फैसला दिया है कि अयोध्या में मंदिर बनना चाहिए, फिर इस पर हंगामा करने का मतलब ही नहीं बनता। उन्होंने मंदिर निर्माण से लोगों की खुशी को ध्यान में रखते हुए कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव है और इसके जश्न मनाने में कोई बुराई नहीं है।

# होटल कारोबारी के यहां छापे में मिला सोने का बड़ा खजाना

जयपुर ( ए )। राजस्थान में आयकर विभाग को छापे में सोने का बड़ा खजाना हाथ लगा है। इसे होटल व्यापारी की काली कमाई से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के अनुसार आईटी ने उदयपुर में होटल कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे तो वहां सोने के कई किलो जेवर देखकर वे चौंक गए। आयकर के इन छापों में बड़े पैमाने पर काली कमाई का खुलासा हुआ है। विभाग ने उदयपुर में फतेह ग्रुप, रॉकवुड और एडीएम ग्रुप के ठिकानों पर छापामारी की है। वहां जेवर के साथ बड़ी मात्रा में ब्लैक मनी भी सामने आई है। वहीं कारोबार में की गई करोड़ों रुपये का हेरफेर भी पाया गया है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार इन छापों में अब तक सोने के करीब 9 किलो जेवर और 3.30 करोड़ रुपये की ब्लैक मनी जब्त की गई है। जब्त किए गए सोने के जेवरों की कीमत 5.50 करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहीं 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की काली कमाई के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। रॉकवुड ग्रुप से जुड़े ठिकानों से काले कारोबार के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। छापामारी की इस कार्रवाई में इस ग्रुप की मुंबई और कोलकाता की कंपनियों के नाम पर बड़ा काला कारोबार सामने आया है। वहां से अब तक 80 करोड़ रुपये के काले कारोबार के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। रॉकवुड ग्रुप के ठिकानों से जब्त डायरी में ब्लैक मनी लेन-देन के बड़े सबूत मिले हैं। रॉकवुड ग्रुप के ठिकानों से अब आयकर टीमें लौट गई है। आयकर अधिकारी अब दस्तावेजों की गहनता से जांच करेंगे। वहीं उदयपुर में फतेह ग्रुप पर आयकर छापों में भी भारी काली कमाई का खुलासा हुआ है। इस ग्रुप के होटल कारोबार से 28 करोड़ रुपये की ब्लैक मनी के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार फतेह ग्रुप के माइंस कारोबार से 20 करोड़ रुपये की ब्लैक मनी के दस्तावेज जब्त किए हैं। ग्रुप के काले कारोबार में शामिल क्लाइंट के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी आयकर विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। एडीएम ग्रुप के ठिकानों से 11 करोड़ रुपये की ब्लैक मनी के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। फतेह और एडीएम ग्रुप के ठिकानों से भी आयकर विभाग की टीमें वापस लौट गई हैं।

# भारत से पंगा लेना पड़ा महंगा, ध्वस्त होने लगा मालद्वीप का पर्यटन


नई दिल्ली( ए )। विश्व पटल पर भारत की तस्वीर बेहतर देशों की तरह दिखाई देने लगी है। भारत की बढ़ती ताकत के कारण ही वैश्विक ताकतें भारत के साथ खड़ी हुई हैं। इतना सब जानते हुए भी एक छोटे से देश मालद्वीप ने भारत से जबरन पंगा ले लिया। उसे लगता है कि चीन उसका साथ देगा या उससे गहरी दोस्ती करने से मालद्वीप में चमत्कार हो जाएगा। ऐसा बिलकुल नहीं है। भारत विरोधी नेता और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से कहा था कि अपनी सेना यहां से तत्काल हटा लें। इसके बाद जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया तो इस बीच मालदीव की सत्ताधारी पार्टी के सदस्य जाहिद रमीज ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे का मजाक उड़ाते हुए भारतीयों को अपशब्द कहे हैं। मालदीव की सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों द्वारा भारत के साथ दुर्व्यवहार के बाद भारत से मालदीव के बड़े पैमाने पर दौरे और होटल रद्द होने की सूचना मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दक्षिण दौरे के बाद लक्षद्वीप सबसे ज्यादा सर्च करने वाला स्थान बन गया है। पीएम मोदी ने हाल ही में लक्षद्वीप का दौरा किया था और लोगों से खास अपील की थी। इसके बाद लोगों ने गूगल पर लक्षद्वीप के बारे में सर्च करना शुरू किया। बता दें कि हाल ही में मालदीव में चीन समर्थित सरकार आने के बाद भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव देखने को मिल रहा है। मालदीव की नवनिर्वाचित सरकार चीन की समर्थक है और भारत को वहां से अपनी सेना हटाने के निर्देश दिए हैं।वहीं, अब मालदीव के लोग भी लक्षद्वीप के बारे में सबसे ज्यादा सर्च कर रहे हैं। लक्षद्वीप गूगल पर सर्च किए जाने वाला सबसे पसंदीदा कीवर्ड बन गया है। लोग लक्षद्वीप की खूबसूरती और वहां के पर्यटन के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। यह भारत विरोधी नेता और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को बड़ा झटके रूप में देखा जा रहा है। जब पीएम मोदी लक्षद्वीप दौरे पर गए थे तो मालदीव रूलिंग पार्टी के नेता जाहिद ने भारत को अपशब्द भी कहे थे। मालदीव टूरिज्म के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है। भारत और एशिया के लोग सबसे ज्यादा छुट्टियां मनाने मालदीव की यात्रा करते हैं।इस बीच मालदीव की सत्ताधारी पार्टी के सदस्य जाहिद रमीज ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे का मजाक उड़ाते हुए भारतीयों को अपशब्द कहे हैं। मालदीव की सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों द्वारा भारत के साथ दुर्व्यवहार के बाद भारत से मालदीव के बड़े पैमाने पर दौरे और होटल रद्द होने की सूचना मिली है। जाहिद ने पहले भारतीय नागरिकता मांगी थी। लक्षद्वीप पर्यटन को बढ़ावा देने के पीएम मोदी के मास्टरस्ट्रोक के बाद मालदीव पूरी तरह से बौखला गया है।

# भारत, अमेरिका, रूस और चीन जैसे सुपर पॉवर देशों की नजर बांग्लादेश के चुनाव पर

नई दिल्ली ( ए )। बांग्लादेश में आज आम चुनाव होने जा रहे हैं। इसमें शेख हसीना ने रिकॉर्ड चौथी बार सत्ता में आने का दमखम लगा दिया है। वहीं भारत, अमेरिका, रूस और चीन जैसे सुपर पॉवर देशो की नजर बांग्लादेश के चुनाव पर ?टिकी हुई हैं। जब?कि मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ( बीएनपी ) ने बांग्लादेश मे चुनाव के बायकॉट का बिगुल बजा रखा है। इस बीच हिंसा से जूझ रहे बांग्लादेश के इन चुनावों पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं। भारत और चीन ही नहीं बल्कि रूस से लेकर अमेरिका तक की दिलचस्पी बांग्लादेश के चुनाव में बनी हुई है।

लेकिन बांग्लादेश के चुनाव में इन सुपरपावर देशों की इतनी दिलचस्पी की वजह तथा इन देशों के हितों को समझने की जरूरत है। युद्ध की जमीन से 1971 में जन्मे बांग्लादेश का 52 सालों का इतिहास है। संघर्षों की दहलीज पार कर इस मुल्क की अर्थव्यवस्था 400 अरब डॉलर को पार कर गई है। बांग्लादेश आज आर्थिक और भू-राजनीतिक रूप से ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां दुनिया के कई कद्दावर देश उसकी तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। जब भारत अपने पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश की तरफ देखता है, तो इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि 1996 से 2001 तक और फिर 2009 से लगातार भारत को बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियों से सहयोग मिला है। बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने अपने देश में भारत विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के प्रयास किए हैं। बांग्लादेश चुनाव के नतीजों का यकीनन भारत के साथ उसके संबंधों पर असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की अगुवाई में 14 पार्टियों का गठबंधन विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ खड़ा है। इसे एक तरह से विचारों की जंग कहा जा सकता है। गौरतलब है ?कि बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार को लंबे समय से भारत का समर्थन मिला है। इसकी वजह है कि शेख हसीना की अवामी लीग सरकार देश में चरमपंथी और कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने में काफी हद तक कामयाब रही है।

# पूज्य संत लखन दास जी महाराज का देवलोकगमन।



मुरैना। परम् पूज्य संत श्री लखन दास जी महाराज का जन्म चंबल मुरैना की पावन भूमि में ग्राम खाडॉली ( वेहरारा ) में हुआ था पूज्य महाराज जी करीब 26 साल से वैराग्य धारण किया था बता दें पूज्य महाराज जी ने ताजपुर से 2 कि.मी. दूर बहादुर पुरा सरसेनी घाट छत्री धाम चंबल नदी में 12 साल तपस्या की थी गर्मियों में आग की अगीठी चारों तरफ जला कर तप करते थे सर्दियों में चंबल के पवित्र जल में बैठ कर तपस्या की उसके बाद में 15 साल से बाबा शंभू पुरी के सिद्धि स्थान नंदपुरा में तपस्या की और राम नाम का नेम पूर्वक सत्संग करवाते थे आज अपने पुराने स्थान ताज पुर से 2 कि.मी. दूर छत्री धाम मंदिर बहादुर पुरा चंबल घाट पर नश्वर शरीर त्याग कर प्रभु श्री सीताराम जी की नित्य लीला में प्रविष्ट हो गये।

# कोल्ड वेव की चपेट में मप्र, छग समेत छह राज्य : सरकारों ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली ( ए )। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी है। मौसम विभाग के अनुसार मप्र, छग, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान कोल्ड वेव की चपेट में हैं। सोमवार को भी कड़ाके की ठंड पड? की चेतावनी जारी की है। इन राज्यों में 8 और 9 जनवरी को शीत लहर का अनुमान जताया गया है। कोहरे और बादलों के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 15 राज्यों में कोहरे की स्थिति बनी हुई है। इनमें मप्र, छग, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, ओडिशा शामिल हैं। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट में असम, मेघायल, मिजोरम और त्रिपुरा में भी घने कोहरे का अनुमान जताया गया है। कोहरे की वजह से राजधानी दिल्ली में रविवार को 22 ट्रेनें 1 घंटे से लेकर साढ़े 6 घंटे लेट पहुंची हैं। इनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और बिहार से आने वाली ट्रेनें सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। दिल्ली में ठंड को देखते हुए राज्य में 1 से 5वीं क्लास तक की छुट्टी 12 जनवरी तक बढ़ा दी गई हैं। मौसम विभाग ने बताया कि रविवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, तमिलनाड़ और केरल में बारिश हुई है। इसके बाद यहां के तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रांची जैसे शहरों में रविवार को घना कोहरा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में आज बारिश हो सकती है। मप्र के आसपास अलग-अलग इलाकों पर बनी मौसम प्रणालियों के कारण वातावरण में बड़ी मात्रा में नमी आ रही है। इसके चलते भोपाल सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल पिछले तीन-चार दिनों से बादल छाए हुए हैं।

साथ ही साथ कोहरा भी बना हुआ है। बादल छाए रहने से रात का पारा सामान्य से अधिक बना हुआ है, वहीं धूप नहीं निकलने के कारण दिन में ठिठुरन बरकरार है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले चौबीस घंटों के दौरान रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक भोपाल शहर का अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही यह पिछले दिन के अधिकतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिन के न्यूततम तापमान ( 14.2 ) के लगभग बराबर रहा। पिछले तीन दिन से भोपाल में रात का पारा 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक आज दिन का तापमान और लुढकते हुए 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

# भारत और पीएम मोदी पर टिप्पणी करना पड़ा भारी

## मालदीव के तीन मंत्री सस्पेंड

नई दिल्ली( ए )। मालदीव सरकार ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मंत्री मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को सस्पेंड कर दिया है। मालदीव सरकार के प्रवक्ता, मंत्री इब्राहिम खलील ने कहा कि विवादित टिप्पणियों के लिए जिम्मेदार तीनों मंत्रियों को उनके पद से तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।इस मामले में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि मैं सोशल मीडिया पर मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा भारत के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही घृणास्पद भाषा की निंदा करता हूं। भारत हमेशा मालदीव का एक अच्छा दोस्त रहा है और हमें इस तरह की कठोर टिप्पणियों को हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव डालने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। बता दें कि मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मुद्दे को भारत ने मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार के समक्ष उठाया था। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने मंत्री की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। भारत की आपत्ति के बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है। मंत्री की टिप्पणी मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।



# संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचित व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ लेवे : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम बड़वन एवं धमनार में शामिल हुए

भोपाल : उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम बड़वन एवं धमनार में शामिल हुए। यात्रा के दौरान शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात शिविर में नन्ही-नहीं बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुतियां दी गई। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड आम जनता के लिए गारंटी कार्ड है। प्रधानमंत्री ने 5 लाख रुपए का गारंटी कार्ड प्रदान किया है। यह कार्ड फ्री में इलाज की गारंटी प्रदान करता है। एक समय था जब गंभीर बीमारियों के लिए इलाज करना बहुत मुश्किल हुआ करता था। कई लोगों को बड़ी-बड़ी बीमारियों के कारण जान तक गवानी पड़ती थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस बात की चिंता कर आयुष्मान कार्ड योजना बनाई। जो गरीब परिवारों के लिए सहारा बनी। किसी गरीब व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना किसी पुण्य से कम नहीं है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सहित अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। जिसमें हम सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। यह भाव सबके अंदर उत्पन्न होना चाहिए। और यह हम सभी की जिम्मेदारी भी हैं। भारत को विश्व में नंबर वन स्थान पर लाने की। सरकार ने सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की है। सभी को शुद्ध पानी मिले, जिससे बीमारियों का प्रकोप ना हो। इसके लिए नल जल जैसी योजना सरकार ने बनाई। केन्द्र सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर राज्य का बराबर विकास किया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हर गरीब के घर में गैस के चूल्हे पर रोटियां बना रही है। ऐसे हितग्राही जिनको शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, या किसी कारण आवेदन जमा नहीं कर पाए वे संकल्प यात्रा के माध्यम से आवेदन दे सकते है।

# 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लें -राज्यपाल पटेल

## उज्जैन के सोढ़ंग गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल : राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल नागरिकों को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। गुलामी



की मानसिकता को जड़ से उखाड़ने और देश की एकता को और ज्यादा सुदृढ़ बनाने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने में जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभायें। राज्यपाल रविवार को उज्जैन की जनपद पंचायत घट्टिया की ग्राम पंचायत सोढंग में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए गए शिविर में विभिन्न कारणों से छूट गए पात्र लोगों को पंजीकृत भी किया जा रहा है। इस प्रकार की यात्रा पहले कभी नहीं निकाली गई। केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की चिंता करते हुए उज्ज्वला योजना शुरू की। आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों के उपचार का खर्च उठा रही है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जो कभी भी जीवन में पक्का मकान नहीं बना सकते थे, प्रधानमंत्री ने उनके सिर पर पक्की छत का प्रबंध किया है। देश की जनता का आशीर्वाद निरंतर प्रधानमंत्री को मिल रहा है। उन्होने कहा कि सभी के प्रयासों से भारत विश्व गुरु बनेगा।

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले और कोई भी हितग्राही शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि कोरोना के कठिन काल में भी सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा। गरीब वर्ग के लोगों को निशुल्क अनाज वितरण किया गया। साथ ही सभी को नि:शुल्क वैक्सीन भी उपलब्ध कराई गई। राजस्व विभाग के अंतर्गत बटांकन व सीमांकन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण भी शीघ्रता से किया जाएगा।

घट्टिया के विधायक श्री सतीश मालवीय ने राज्यपाल को तुलसी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। ग्राम सोढंग के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अंतर्गत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये।

हितग्राही दिनेश पिता गंगाराम ने बताया कि पहले में कच्चे मकान में रहा करते थे, जिससे उनके परिवार को बहुत असुविधा होती थी। पीएम आवास योजना के माध्यम से उनके सिर पर पक्की छत आई है। मां को वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही है। बालक का आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार इंदौर में हुआ। गरीबों के लिए इतनी सारी कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ।

एक अन्य हितग्राही सुशीला ने बताया कि उन्हें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ है। पहले बहुत परेशानी होती थी। अब गैस कनेक्शन आने के बाद कम समय में उनका भोजन बनकर तैयार हो जाता है। अन्य कार्यों के लिए काफी समय मिलता है।

हितग्राही सपना चौहान ने बताया कि आजीविका मिशन के अंतर्गत उनका शिवशक्ति स्वसहायता समूह है। इससे कई महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। साथ ही गांव की अन्य महिलाओं को उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण और आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। हितग्राही सीमा राठौर ने बताया कि उनके गांव में शासन की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। शौचालय निर्माण हुए हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद।

ग्राम सोढंग में सरपंच श्रीमती धापूबाई को जल जीवन मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत नल कनेक्शन गांव में किए जाने पर अभिनंदन पत्र वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त मॉडल ओडीएफ का प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र, शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का प्रमाण पत्र, ब्लड प्रेशर की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करने पर विधायक घट्टिया श्री सतीश मालवीय को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

अटल ज्योति योजना के अंतर्गत हितग्राही मांगीलाल को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूह को चेक प्रदान किया गया। नवीन आयुष्मान कार्ड श्री भंवर सिंह को प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत श्री प्रभुलाल कछावा को 9 लाख 80 हजार रुपए का चेक, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत हितग्राही सेवाराम को 4 लाख 86 हजार रुपए का चेक, कक्षा पांचवी की छात्रा खुशी को और शानू सूर्यवंशी को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र और गांव के आकाश पिता राधेश्याम को साइकिल रेस में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कार प्रदान किया गया। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत श्रीमती ललिता राठी को साड़ी के उद्योग के लिए 3 लाख रुपए का चेक वितरित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, सीईओ जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, एसडीएम घट्टिया, अन्य अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संदीप नाडकर्णी ने किया। घट्टिया के विधायक श्री सतीश मालवीय ने आभार प्रदर्शन किया।

# हर युवा के हाथों में हुनर के लक्ष्य को लेकर प्रशिक्षण दें – टेटवाल

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार टेटवाल ने किया आईटीआई ग्वालियर का निरीक्षण



भोपाल : हर युवा के हाथों में हुनर हो और वे स्वयं के साथ-साथ प्रदेश व देश की प्रगति में योगदान दे सकें। इस लक्ष्य के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से युवाओं का कौशल उन्नयन करें। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्री गौतम टेटवाल ने कही। श्री टेटवाल ने संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला ग्वालियर में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। श्री टेटवाल ने औद्योगिक प्रशिक्षण

### विभागीय अधिकारियों की ली बैठक और विद्यार्थियों से भी की चर्चा

संस्थाओं ( आईटीआई ) में कौशल उन्नयन के लिये नवाचार करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि प्रदेश में तहसील स्तर पर आईटीआई खोलने का निर्णय सरकार ने लिया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल ने रविवार को संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला ग्वालियर का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यार्थियों से चर्चा की और संभागीय व जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान उन्होंने आह्वान किया कि आप सब पूरी मेहनत और लगन के साथ आईटीआई का कोर्स पूरा करें ओर रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। सरकार आप सबको उद्यमी बनाने में पूर्ण सहयोग करेगी। संभागीय संयुक्त संचालक कौशल विकास श्री दीपक गंगाजलीवाले ने संभाग में चल रहीं विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# कलेक्टर ग्वालियर ने 13 जनवरी तक समस्त स्कूलों के लिए प्रातः 10 से 4 बजे तक चलाने के दिए आदेश

ग्वालियर । ग्वालियर जिले में मौसम के तापमान में अत्यधिक गिरावट होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने जिले में संचालित शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त/सीबीएसई/आईसीएसई आदि शैक्षणिक संस्थाओं को ( प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक ) दिनांक 8 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक के लिए प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक चलाने के दिए आदेश ।

उदयदेश भिण्ड

R.N.I. No.MPHIN/2008/25730

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक राजीव सिंह सिकरवार द्वारा राजीव प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स उदयदेश परिक्षेत्र बहोड़ापुर थाने के पास ए.बी.रोड़, जिला ग्वालियर मप्र से मुद्रित होकर भदौरिया हाउस, 17 तमोली मोहल्ला झांसी रोड़, जिला भिण्ड मप्र से प्रकाशित

सम्पादक - राजीव सिंह सिकरवार

Mob. 9303104662, 9826296049

सभी प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र भिण्ड होगा

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 ओडीएफ और स्टार रेटिंग के परिणामों की घोषणा, मध्यप्रदेश ने अपनी बढ़त रखी जारी

भिण्ड। केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की अधिकृत घोषणा की गई है। इसके अनुसार राज्य के इंदौर, भोपाल, महू कैंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद एवं बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के रूप में मध्यप्रदेश को भी सम्मानित किया जाएगा। शनिवार देर रात जारी स्वच्छ सर्वेक्षण परिणामों में खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। इन परिणामों के अनुसार मध्यप्रदेश के शहरों ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के 378 शहरों ने भाग लिया था। ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले निकायों की संख्या अब बढकर 361 हो गई है। यह पिछले वर्ष तक 324 थी। इसके अलावा मलजल प्रबंधन के लिए प्राप्त होने वाले वॉटर प्लस प्रमाणीकरण में प्रदेश के 6 शहरों को इस साल यह प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष मध्यप्रदेश के सिर्फ इंदौर और भोपाल शहरों को यह सम्मान मिला था। इस प्रकार अब प्रदेश के इंदौर, भोपाल, देवास, उज्जैन, ग्वालियर, बुधनी, और धरमपुरी शहरों को यह सम्मान मिला है। प्रदेश में खुले में शौच को स्थाई रूप से रोकने के लिए प्रदेश के 5 लाख 79 हजार से अधिक जरूरतमंद परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय तैयार कर प्रदान किए गए हैं। साथ ही प्रदेश में 2500 से अधिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्पलेक्स का निर्माण भी कराया गया है। इसी प्रकार स्टार रेटिंग के कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग भी एक प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण है। जिसमें मध्यप्रदेश के 158 शहरों को यह प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ था। विगत वर्ष यह प्रमाणीकरण सिर्फ 99 शहरों को प्राप्त हुआ था। इसके अलावा इंदौर को 7 स्टार शहर और भोपाल को 5 स्टार शहर का दर्जा प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है।

नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि स्वच्छता हमारे लिए एक संकल्प है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर हम इस संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे शहर निरंतर मेहनत कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश की स्वच्छता में हमारे सफाई मित्रों, आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ का साथ दिया। हम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वच्छता, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए कटिबद्ध हैं। यह सिर्फ एक शुरूआत है, हमें इसके लिए मिलजुलकर और लगातार प्रयास करना होंगे। प्रमुख सचिव, नगरीय आवास एवं विकास विभाग श्री नीरज मंडलोई ने कहा है कि हमने प्रदेश की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। हमने प्रदेश में स्वच्छता अधोसंरचना विकास, टीम के क्षमतावर्धन के साथ जनसहभागिता पर जोर दिया था। ओडीएफ और स्टार रेटिंग के परिणामों में प्रदेश का श्रेष्ठ प्रदर्शन हमें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने कहा है कि हमारे सभी शहरों की टीम, सफाई मित्रों और सहयोगियों ने बहुत मेहनत की है। इसके अलावा नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ का साथ दिया। उन्होंने नागरिकों, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, सहयोगियों व निकायों की टीम को शुभकामनाएं दीं। मिशन संचालक श्री शिवम वर्मा ने इस उपलब्धि पर कहा कि हमने अपनी रणनीति में निकायों को सहयोग एवं जनसहभागिता पर जोर दिया था। प्रदेश के 361 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस, 7 को वॉटर प्लस के साथ 158 निकायों को स्टार रेटिंग सर्टिफिकेशन मिलना प्रसन्नता का विषय है। ओडीएफ अर्थात खुले में शौच से मुक्ति, इस हेतु तीन इंडीकेटर बनाए गए जिन्हें हम ओडीएफ प्लस, ओडीएफ डबल प्लस और वॉटर प्लस के नाम से जानते हैं। ओडीएफ प्लस के प्रमाणीकरण के लिये शहर में लक्षित व्यक्तिगत शौचालयों का 100 प्रतिशत निर्माण, सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के साथ 10 प्रतिशत सार्वजनिक शौचालयों में विश्वस्तरीय सुविधाएं एवं शेष 90 प्रतिशत में समस्त आधारभूत सुविधाएं होना चाहिए। ओडीएफ डबल प्लस के प्रमाणीकरण हेतु 100 प्रतिशत लक्षित व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के साथ 50 प्रतिशत सार्वजनिक शौचालयों में विश्वस्तरीय सुविधाएं एवं शेष 50 प्रतिशत में समस्त आधारभूत सुविधा होना चाहिये। वॉटर प्लस प्रमाणीकरण के लिए किसी भी शहर में ओडीएफ डबल प्लस के प्रोटोकॉल को पूरी तरह से लागू होने के साथ-साथ शहर में उपयोगित जल का प्रबंधन किया जाना अनिवार्य होता है।

## किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना 8 जनवरी को "विकसित भारत संकल्प यात्रा" में सुमावली पहुंचेगे



मुरैना। मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे आमजनों से भेंट करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे ग्राम बागचीनी में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में शामिल होंगे। मंत्री श्री कंषाना रात्रि विश्राम मुरैना में करेंगे। शेष कार्यक्रम मंत्री के अनुमति के अनुसार प्रथक से जारी किये जायेंगे।

# प्रदेश में नागरिकों को सुशासन देने के लिये अनेक सुविधाएँ

भिण्ड। प्रदेश में नागरिकों को सुशासन देने केलिये राज्य सरकार ने अनेक सुविधाएँ दी हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन सेवाओं में सीएम हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, सीएम जनसेवा और दिव्यांग हेल्पलाइन प्रमुख हैं। सीएम हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर - राज्य सरकार ने प्रदेश के नागरिकों के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की है। कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी, शिकायत और सुझाव हेतु संपर्क किया जाता है। अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से करीब 3 करोड़ शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। जन सामान्य में नागरिकों की समस्या के निराकरण के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 काफी लोकप्रिय हुई है। महिला हेल्पलाइन - प्रदेश में महिला उत्पीड़न से बचाव के लिये महिला हेल्पलाइन का संचालन भी किया जा रहा है। महिला हेल्पलाइन के संचालन के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 से एकीकरण किया गया है। महिला हेल्पलाइन में महिलाओं से संबंधित अपराधों और समस्याओं में महिला की काउंसलिंग कर तत्काल राहत पहुँचाई जा रही है। महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक करीब 60 हजार 800 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। सीएम जन सेवा - सीएम जनसेवा का शुभारंभ प्रदेश में लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। इसका संचालन भी 181 के माध्यम से किया जा रहा है। सीएम जन सेवा के माध्यम से 7 प्रमुख सेवाएँ, इनमें स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, चालू खसरा की प्रतिलिपि, खतौनी की प्रतिलिपि, चालू नक्शा की प्रतिलिपि, भू-अधिकार पुस्तिका की प्रतिलिपि और स्पेसिमेन कॉपी (खसरा, खतौनी एवं नक्शा) टोल-फ्री नंबर 181 पर एक कॉल पर SMS/Whatsapp एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। सीएम जन सेवा की स्थापना के बाद से अब तक 3 लाख 90 हजार आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। दिव्यांग हेल्पलाइन - प्रदेश में दिव्यांगजनों की समस्याओं के तेजी से निराकरण किये जाने के मकसद से फरवरी 2023 में दिव्यांग हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक करीब 12 हजार 400 समस्याओं का निराकरण किया जा चुका है। यह हेल्पलाइन 181 से ही जुड़ी हुई है। यह सभी सेवाएँ लोक सेवा प्रबंधन द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है।

# जनसेवा मित्रों ने सदर विधायक को सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार दिलाये जाने के लिये मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## *भिंड जिला के सभी मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के निवास पर एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपा*



भिंड। जनसेवा मित्रों ने अपने कार्य के बारे में बताते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना में पंजीयन, मतदाता जागरुकता अभियान, वितिय साक्षरता अभियान, महिला चौपाल नुक्कड़ नाटक, सहित हमारे कई कार्यों को जन सेवा मित्रों ने बखूबी किया है लाड़ली बहना के पंजीयन करने में जनसेवा मित्रो की अहम भूमिका रही, व्यक्ति के अशिक्षा के अभाव के कारण जनसेवा मित्र पात्र व्यक्तियो को लाभ दिलाने के साथ अस्पताल, सरकारी दफ्तरों में जाकर उसे लाभ दिलाने का काम भी करते है। हमारे इन सभी कार्यों से प्रभावित हो तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी ने घोषणा की थी कि आप इसी तरह प्रदेश के विकास के लिए काम कर जनता का जीवन बनाने का काम किजिए, आपका भविष्य बनाने का काम हम करेगे, तत्कालीन मुख्यमंत्री जी ने विवेकानंद केंद्र की स्थापना कर व उसका संचालन जनसेवा मित्रो के माध्यम से कर रोजगार देने की भी बात की थी। वहीं जनसेवा मित्रों ने ज्ञापन में बताया कि इंटरशिप 31 जनवरी को खत्म होने वाली है। लेकिन सेवा विस्तार व स्थाई रोजगार जैसी कोई लिखित सूचना हमे अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। वही विभिन्न माध्यमों से मौखिक सूचना प्राप्त हो रही है कि इंटरशिप को बंद किया जा रहा है। इंटरशिप बंद होने से प्रदेश के 9 हजार से अधिक युवा बेरोजगार हो जायेंगे। युवा के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। जनसेवा मित्रो ने आग्रह किया है कि उनकी बात मुख्यमंत्री जी के समक्ष रख प्रदेश के 9 हजार जनसेवा मित्रों का सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार व हमारे वेतन में इजाफा किया जायें। जिससे जनसेवा मित्र प्रदेश के विकास में इसी तरह जनसेवा कर प्रदेश को आगे बढ़ाते रहे। 9 हजार से अधिक जनसेवा मित्र पूरे मध्यप्रदेश में सरकार व जनता के बीच सेतु का काम कर प्रदेश व केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार कर योजनाओं को धरातल उतारने का कार्य निरंतर कर रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी जनसंख्या मित्र अपनी सेवा दे रहे हैं । सदर विधायक ने आश्वासन दिया हम आपकी मांगों को मुख्यमंत्री जी तक अवश्य पहुंचाएंगे आपकी सभी मांगों को पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे और विधायक लेटर पैड के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से जन सेवा मित्रों की मांगे की जाए ऐसा आग्रह पत्र भी लिखा।

# मैजिक बाक्स से की गई दुग्ध उत्पादों की जांच




अशोकनगर। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा निरीक्षण कार्यवाही के दौरान रविवार को शहर में स्थित विभिन्न दूध डेयरियों, गांधी पार्क स्थित चौरसिया मिलन दूध डेयरी, विदिशा रोड स्थित कृष्णा दूध डेयरी, पुराना बाजार स्थित राधिका दूध डेयरी तथा राजेश्वर दूध डेयरी का निरीक्षण किया गया। मानव उपभोग हेतु उपलब्ध दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का मैजिक बाक्स से मौके पर ही जांच कर पानी एवं केमिकल की मिलावट की जांच की गयी। मैजिक बाक्स से की गयी प्राथमिक जांच उपरांत दूध एवं दुग्ध उत्पादों में किसी हानिकारक केमिकल एवं मिलावट की पुष्टि नहीं हुई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दूध डेयरियों के अलावा इन डेयरियों परदूध का विक्रय करने आये दुग्ध विक्रेताओं से भी दूध की मैजिक बाक्स द्वारा प्राथमिक जांच की गयी एवं खाद्य पदार्थों के विक्रय हेतु आवश्यक खाद्य पंजीयन लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गांधी पार्क स्थित चौरसिया मिलन दूध डेयरी से पाश्चुराइज्ड फुल क्रीम मिल्क, पाश्चुराइज्ड टोंड मिल्क तथा पनीर एवं नेहरू बाल उद्यान रोड, अशोकनगर स्थित पवित्र किराना से पोहा, रवा, काबुलीचना, दलिया, मक्का आटा एवं चायपत्ती के नमूने जांच हेतु लिये गये।

## चिरायु अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

ग्वालियर। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित चिरई हॉस्पिटल में एक महिला मरीज की मौत हो जाने पर परिजनों ने हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है!, पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है जानकारी के अनुसार आमपुरा मुरैना निवासी नीरू शक पत्नी शोभाराम शाक्य की तबीयत खराब थी! उन्हें इलाज के लिए चिरायु अस्पताल में लाया गया जांच में पता चला कि उनके दिल के पास ट्यूमर है! चिरायु अस्पताल प्रबंधन ने मरीज की परिजनों को बताया कि इसका ऑपरेशन होगा और चिंता की कोई बात नहीं है! ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ी तो डॉक्टरों ने फेफड़ों में पानी भरना बताया इसके बाद मरीज की मौत हो गई तो परिजनों ने हंगामा किया!, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## कानून व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक के सानिध्य में बैठक आज

ग्वालियर। ग्वालियर महानगर की यातायात एवं कानून व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक- राजेश सिंह चंदेल के सानिध्य में बैठक का आयोजन सोमवार 08 जनवरी,2024 को सायं 4.00 बजे 'चेम्बर भवन में किया गया है। उपरोक्त बैठक में शहर की यातायात एवं कानून व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों/उद्योगपतियों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) के अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीपनारायण अग्रवाल द्वारा व्यापारी एवं उद्योगपतियों से बैठक में पधारने की अपील की है।

## आश्रम के रहवासियों को कंबल एवं गजक का वितरण किया

ग्वालियर। ग्वालियर की सर्द हवाओं में भारतीय स्टेट बैंक के अनिल महलका ने कुष्ठ आश्रम में सर्दी से बचाव हेतु आश्रम के रहवासियों को कंबल एवं गजक का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज कुमार, मुख्य प्रबंधक मानव संसाधन श्री अर्जुन विष्ट, मुख्य प्रबंधक अनुपालन एस पी मॉडवेल, उपप्रबंधक दीपक जोशी उपस्थित रहे। आश्रम रहवासियों द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा किये गये कार्य हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आयुक्त ने की प्रधानमंत्री जन मन योजना की समीक्षा




अशोकनगर। आयुक्त ग्वालियर संभाग दीपक सिंह ने रविवार को गूगल मीट के माध्यम से प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित गूगल मीट बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन, जिला वनमण्डलाधिकारी प्रियांशी सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजय नागवंशी सहित योजना से संबंधित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागीय आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन मन योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार के सहयोग प्रदेश में किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत आदिवासी ग्रामों में सहरिया आदिवासियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाना है। साथ ही मूलभूत अधोसंरचना विकास के कार्यों को इन ग्रामों में कराना है। उन्होंने सर्वे अनुसार विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष जनजातीय समूहों का सामाजिक, आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर सहरिया आदिवासियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सभाओं का आयोजन कर विकास कार्यों से संबंधित भेजे जाने वाले प्रस्तावों की जानकारी सदस्यों को दिए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन ने पॉवर प्रजेन्टेशन के माध्यम विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पीएम आवास, बारहमासी पक्की सडक़, नल से जल, चलित चिकित्सा इकाई, छात्रावास निर्माण, आंगनवाड़ी निर्माण, वन धन विकास केन्द्र, विद्युतीकरण, सौर उर्जा, माबाईल टावर स्थापना, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल उन्नयन, आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान एवं केसीसी, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृवंदना, सुकन्या समृद्धि योजना, सुरक्षित मातृत्व, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में बताया।

## दुष्कर्म के मामले में एक साल बाद महिला ने की शिकायत

अशोकनगर। देहात थाना क्षेत्र की जेल कॉलोनी में 38 साल की महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह घटना एक साल पहले हुई थी लेकिन शर्म के कारण पीडि़ता ने किसी को नहीं बताई। लेकिन 1 साल बाद में थाने पहुंची और उसके साथ हुई पूरी घटना के बारे में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे साथ एक साल पहले रेप हुआ था। लेकिन मैं शर्म के कारण किसी को नहीं पता पाई थी। देहात थाना प्रभारी सत्येंद्र कुशवाहा ने बताया कि मोहनी राय गांव के एक आरोपी ने महिला के साथ 1 साल पहले दुष्कर्म किया था। महिला ने बताया था कि शर्म के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बताई। पति को इस बात की जानकारी लगने के बाद वह लोग शनिवार को थाने आए थे। जहां पर पीडि़ता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# नाश्ता सेंटरों व हाथ ठेलो पर खुलेआम कर रहे घरेलू सिलेंडर का उपयोग

## *प्रशासन कर रहा अनदेखा एम एस रोड पर घरेलू सिलेंडरों का उपयोग*



कैलारस। एमएस रोड पर नाश्ताओं के ठेले पर एवं होटलों पर घरेलू सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है जबकि इस मार्ग से हजारों लोगों का आना-जाना एमएस रोड पर लगा रहता है वहीं घरेलू सिलेन्डरों का उपयोग खुलेआम हो रहा है नाश्ता ठेले एवं होटलों पर प्रशासन की नजरों के सामने यह सब देखने को मिल रहा है लेकिन प्रशासन यह सब होते हुए देखकर कर चुप्पी साधे हुए हैं यहां जरा सी चूक पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है जिससे सैकड़ो लोगों की जान जोखिम में आ सकती है एमएस रोड पर पुरानी सब्जी मंडी से लेकर पुराने रेलवे स्टेशन तक एवं पहाड़गढ़ रोड से लेकर नगर परिषद कैलारस पहाड़गढ़ रोड से लेकर 5एल तक होटल एवं हाथ ठेलों पर दर्जनों घरेलू सिलेंडरों का उपयोग लगातार हो रहा है। फूड स्पेक्टर कैलारस दूध डेरियो तक सीमित होकर कार्यवाही करके चले जाते है लेकिन इन छोटे व्यवसायिक लोगों पर नजर ना रखना उनकी सबसे बड़ी गलती साबित हो सकती है या आखिरकार इनकी ऐसी क्या मजबूरी है जो हजारों लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं शासन के नियम अनुसार नाश्ता एवं होटल ढाबों पर व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग किया जाना चाहिए लेकिन यहां पर बात कुछ अलग ही है नाश्ते एवं होटल वाले साथ गांठ करके घरेलू सिलेंडरों का खुले मैदान में उपयोग कर रहे हैं और इस बात पर प्रशासन मौन। अगर एसी स्थिति रही तो एक बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है। स्थानीय निवासियों के साथ साथ यहां से हर रोज सैकड़ों की संख्या में वाहन निकलते है जिससे हमेशा अनहोनी की आंशका रहती है मगर इस लापरवाही की तरफ प्रशासन मुंह फेरे हुए है।

# ब्राह्मण अपने आत्मसम्मान के लिए सनातन कर्मकांड को प्रचारित करें - अंबरीश शर्मा



ग्वालियर। ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजन समिति ग्वालियर के तत्वाधान में आज सनातन धर्म मंदिर, ग्वालियर में ब्राह्मण स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला जी अध्यक्षता लहार के विधायक अंबरीश शर्मा (गुड्डू) जी अति विशिष्ट अतिथि जोरा विधायक पंकज उपाध्याय विशिष्ट अतिथि मे ब्राह्मण समाज के उपवर्गीय अध्यक्ष एवं संगठनों के संस्थापक जिसमें सनाढय समाज के महेश शर्मा,भार्गव समाज मुरार इकाई अध्यक्ष लालता प्रसाद मिश्रा, आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश मिश्रा,कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शशिकांत दीक्षित, जिझौतिया ब्राह्मण समाज के प्रदेश संयोजक रामनारायण मिश्रा,कश्मीरी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डॉ.ओ.एन. कौल, बरुआ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, ऋषिश्वर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा, ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज के डॉ.मुन्नालाल शर्मा, ब्राह्मण मुरार सभा के अध्यक्ष राम पाठक, विप्र फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा,महिला समिति की अध्यक्षा वीणा भारद्वाज, श्री परशुराम सेना के इंजी.विजय शर्मा, विप्र महासभा के धीरेंद्र चौबे, ज्योतिष संघ के अध्यक्ष पंडित गिरिराज गुरु, अंबिका प्रसाद पचौरी, समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा एवं सर्व ब्राह्मण महासंघ की युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा ब्राह्मण समाज सर्वहारा वर्ग का कल्याण करता है इसी के साथ लहार विधायक अंबरीश गुड्डू शर्मा ने कहा ब्राह्मण अपनी आत्म सम्मान के लिए सनातन कर्मकांड को प्रचारित करें एवं जोरा विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा युवा नशाखोरी से रहे दूर रहे। इसी के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा संस्थापक अध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज ने रखते हुए कहा कि 16 जून गंगा दशहरा के दिन ब्राह्मण सामूहिक विवाह होगा। समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, गिर्राज गुरु,अंबिका पचौरी ने भी अपने विचार रखें। इसी के साथ सियाराम ब्रह्म सेविका सम्मान से सम्मानित करते हुए महिला शिविकाओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर रविंद्र नाथ नायक, अवनीश ललित गौड़, हेमंत (एडिशन) शर्मा, एड.आदित्य भार्गव, राम प्रकाश शर्मा, सीताराम दुबे, ब्रह्म दत्त शास्त्री, रामसहाय पाठक, दीक्षा दुबे, विनोद शर्मा, देवेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे। संचालन नरेश कटारे, श्वेता शर्मा, प्रिया शर्मा ने किया एवं आभार मुख्य संयोजक नरेंद्र कुमार शर्मा, संयोजक नरेश पचौरी, कपिल भार्गव ने किया।



दुखद खबर आज संत शिरोमणि लखन दास जी महाराज परलोक सिधार गए महाराज जी के सानिध्य संरक्षण में सरसैनी किले पर दलकू बाबा का स्टेचू का काम चल रहा था संपूर्ण समाज के लिए अभूतपूर्व क्षति विनम्र श्रद्धांजलि।

## मेले में बाल महोत्सव 17 से

ग्वालियर। एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ 5 सोसायटी एवं ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण नं के संयुक्त तत्वावधान में 17 से 29 जनवरी तक बाल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष संजय कट्टल ने बताया कि कार्यक्रम कला रंगमंच पर आयोजित किए जाएंगे। भाग र्व लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर । सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में 17 को प्रातः 10 बजे से चित्रांकन प्रतियोगिता, 18 को । एकल नृत्य, नृत्य, 19 को रंगोली सजाओ और फैंसी ड्रेस, 20 को समूह नृत्य, 23 को बैंड, दिव्य घोष ? एवं स्टेज बैंड, 24 को एकल गायन, 25 को एकल नृत्य, 27 को समूह गायन और 29 को एकल-युगल और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# जिला अंतर्गत कोई भी यतीमखाना/बाल देखरेख संस्था बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित न हो

## *किशोर न्याय अधिनियम की धारा 41 के तहत पंजीयन का प्रस्ताव अविलम्ब प्रस्तुत करें*

भिण्ड। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भिण्ड ने संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार जिला अंतर्गत सभी संस्थाओं को सूचित कर कहा है कि जिला भिण्ड अंतर्गत कोई भी यतीमखाना/बाल देखरेख संस्था जो देखरेख एवं सरंक्षण के जरूरतमंद बच्चों को रख रही हो। कोई भी संस्था बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित न हो। अतः जिला भिण्ड अंतर्गत ऐसी सभी संस्थाएं जो देखरेख एवं सरंक्षण के जरूरतमंद बालकों को सरंक्षण प्रदाय कर रही हैं, तत्काल किशोर न्याय अधिनियम की धारा 41 के तहत पंजीयन का प्रस्ताव महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला भिण्ड में अनिवार्यतः अविलम्ब प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने अथवा निरीक्षण में ऐसा नहीं पाए जाने पर सम्बंधित संस्था के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी, इसकी समस्त जबाबदेह संस्था के स्वयं होगी।

## कार्यपरिषद की बैठक 12 को

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद की - बैठक 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी । बैठक का एजेंडा भी जारी कर दिया गया है। एजेंडे में प्राइवेट कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव के साथ ही जेयू कैंपस में भवभूति - प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव भी रखा - जाएगा, इसके अलावा जेयू में अभी - ऑफलाइन टोकन के जरिए होने वाली शिकायतों को भी ऑनलाइन लिए जाने का सिस्टम भी शुरू करने का प्रस्ताव भी कार्यपरिषद की बैठक में रखा जाएगा।

# प्रदेश के एक दर्जन आई.पी.एस. अधिकारियों का इंडक्शन ट्रेनिंग हेतु चयन

भोपाल। मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत प्रदेश के एक दर्जध्न आई.पी.एस. अधिकारियों का इन्डक्शन ट्रेनिंग हेतु चयन व हैदराबाद में ट्रेनिंग का जिन अधिकारियों का चयन हुआ उनमें धर्मवीर सिंह पुलिस अधीक्षक जिला खरगोन कार्यभार संयज सिंह भापुसे स.म.नि. अ.अ.वि. पुमु. भोपाल, राजेश कुमार त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक जिला पांढुर्णा कार्यभार संतोष कोरी, भापुसे सेनानी 35वीं वाहिनी विसबल मण्डला, सुनील कुमार मेहता पुलिस अधीक्षक देहता इंदौर कार्यभार भगवत सिंह विरदे भापुसे सेनानी 34 वीं वाहिनी विसबल धार, वीरेन्द्र जैन पुलिस अधीक्षक जिला मऊगंज कार्यभार विवेक सिंह भापुसे पुलिस अधीक्षक जिला रीवा, देवेन्द्र कुमार पाटीदार पुलिस अधीक्षक जिला बुरहानपुर कार्यभार राकेश सगर भापुसे सेनानी 2री वाहिनी विसबल ग्वालियर, राय सिंह नरवरिया पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर कार्यभार विकास पाठक, भापुसे सेनानी 26वीं वाहिनी विसबल गुना, रामशरण प्रजापति पुलिस उपायुक्त मुख्यालय शहर भोपाल कार्यभार श्रुतकीर्ति सोमवंशी भापुसे पुलिस उपायुक्त अपराध शहर भोपाल, सुंदर सिंह कनेश पुलिस उपायुक्त जोन-4 शहर भोपाल कार्यभार श्रुतकीर्ति सोमवंशी भापुसे पुलिस उपायुक्त अपराध शहर भोपाल, राजेश व्यास पुलिस अधीक्षक जिला अलीराजपुर कार्यभार श्रीमती किरणलता केरकेट्टा भापुसे, स.म.नि. महिला सुरक्षा पुलिस मुख्यालय, भोपाल, सुधीर कुमार अग्रवाल शुक्ला पुलिस अधीक्षक जिला मैहर कार्यभार आशुतोष भापुसे पुलिस अधीक्षक जिला सतना, पंकज कुमार पाण्डेय शुक्ला पुलिस उपायुक्त जोन-3 शहर इन्दौर कार्यभार हंसराज सिंह भापुसे, पुलिस उपायुक्त आ.सूचना एवं सुरक्षा, नगरीय पुलिस इन्दौर, संयज कुमार अग्रवाल शुक्ला पुलिस उपायुक्त, गुप्त वार्ता व सुरक्षा शहर भोपाल कार्यभार घनश्याम मालवीय, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आ.सूचना भोपाल कार्यभार सम्हालेंगे।

# अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में 101 जोड़ों का संभागीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन मार्च में: राष्ट्रिय अध्यक्ष देवीलाल राठौर

## सोनू राठौर ( स्टार डीजल ) शिवपुरी जिले के संभागीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यवाहक अध्यक्ष बने



शिवपुरी - अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा ( रजिस्टर्ड ) के तत्वाधान में गुना, शिवपुरी अशोकनगर के तीनों जिलों का संभागीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन मार्च माह में गुना में आयोजित किया जा रहा है जिसके निमित्त 6 जनवरी को शिवपुरी में गुना से राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों के साथ अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय मां वैष्णो देवी धाम गांधी कॉलोनी पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित हुए जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी मार्च माह में तीनों जिलों का संयुक्त रूप से 101 जोड़ों का निशुल्क संभागीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन गुना में किया जाएगा जिसमें सम्मेलन के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ तीनों जिलों से कार्यवाहक अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष भी बनाए जाएंगे जो अपने-अपने जिले से सामूहिक विवाह जोड़ों के लिए पदाधिकारी एवं सदस्यों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए युवक युवतियों का डाटा एकत्रित करेंगे एवं इसमें कार्यवाहक अध्यक्ष के लिए 71 000, महामंत्री 51000, उपाध्यक्ष 41000 एवं कोषाध्यक्ष के लिए 31000 की राशि तथा राष्ट्रीय पदाधिकारी, युवा एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के लिए 5100 की राशि निर्धारित की गई शिवपुरी जिले के लिए सोनू राठौर ( स्टार डीजल ) ने अपना नाम समाज बंधुओ के समक्ष रखा जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से उनको सम्मेलन का जिले का कार्यवाहक अध्यक्ष पर सहमति प्रदान की इसके साथ ही महामंत्री के लिए आकाश राठौर ( मडा वाले ) वाले, उपाध्यक्ष के लिए राजेश राठौर ( इंदार वाले )एवं कोषाध्यक्ष के लिए पुरुषोत्तम राठौर मनियर के नाम पर सभी ने सहमति से उनको बधाई दी इस बैठक में देवीलाल राठौर बाबूजी राष्ट्रीय अध्यक्ष, कृष्ण गोपाल राठौर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, पवन राठौड़ अध्यक्ष गुना राठौर समाज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मेहते राम जी लाल राठौर, हरिओम राठौर बतासे वाले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ राकेश राठौर, जितेंद्र राठौर, ओमप्रकाश राठौर, राजेश राठौर, रिंकू राठौर, जय कुमार राठौर, पंकज राठौर, हरिओम राठौर, रोहित राठौर, सोनू राठौर, मुकेश राठौर, प्रशांत राठोर, पवन राठौर, मुकुल राठौर, अनिल राठौड़, रामस्वरूप राठौर, महेश राठौर, रवि राठौर, विनोद राठौर, बाबूलाल पेपर सम राठौर, श्यामसुंदर राठौर, बृजेश कुमार राठौर, पूरन लाल राठौर, हरिओम राठौर, सोनू राठौर, आकाश राठौर, राजेश राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, राकेश राठौर, सुरेंद्र सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

# बेटे-बेटी के सामने पिता ने माँ को मौत के घाट उतारा

## लोहे की रॉड से वार कर पत्नी को मार डाला, आरोपी गिरफ्तार
## मां की जान बख्शने की गुहार लगाते रहे बेटा-बेटी

शिवपुरी। बामौरकला थाना क्षेत्र के खिरिया गांव में एक बेरहम पति ने अपने बेटे और बेटी के सामने अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की रॉड से कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान बेटा और बेटी अपनी मां की जान बख्श देने की गुहार लगाते रहे। लेकिन पिता ने एक नहीं सुनी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटना शनिवार शाम की है। मृत महिला के बेटे 22 वर्षीय मेहरवान आदिवासी ने बताया कि शाम चांदी की करधौनी के एक हिस्से को बेचने को लेकर पिता सन्नू आदिवासी और मां गुड्डी बाई उम्र 50 वर्ष के बीच विवाद हुआ था। फिर बाद में रात में सभी खाना खाकर अपने कमरे में सोने चलते गए थे। मैं अपनी बहन सोना आदिवासी अलग कमरे थे। बेटे ने



बताया कि थोड़ी देर बाद रात करीब 11 बजे मां की चीखने के आवाज आई। इसके बाद हम दोनों भाग कर उनके कमरे पर पहुंचे। मां जमीन पर पड़ी हुई थी और पिता के हाथ में लोहे की सब्बल थी। जिससे पिता मां के सिर पर एक के बाद एक वार कर रहे थे। पिता को रोकने का प्रयास किया था लेकिन पिता नहीं माने उन्होंने मां की हत्या कर दी। मेरी मां गुड्डी बाई ने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। बामौरकला थाना प्रभारी पुनीत बाजपेई का कहना है कि सूचना मिलते ही आरोपी सन्नू आदिवासी को घर के पीछे खेत से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# मोदी मित्र के जरिये अब अल्पसंख्यकों को जोड़ेगी भाजपा



शिवपुरी। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा अब अल्पसंख्यकों को जोड़ने के लिए उन्हें मोदी मित्र बनाएगी, जिसकी जिम्मेदारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को सौंपी गई है। 2024 में लोकसभा चुनाव होने है। इसकी तैयारी में जुटी भाजपा ने एक ओर जहां दलित समाज को अहमियत देनी शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर पार्टी की नजर अल्पसंख्यकों पर भी टिकी है। आज भाजपा कार्यालय पर अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इकबाल खान ने बताया कि बैठक के दौरान मोर्चा की ओर से चलाए जा रहे सूफी संवाद, मीडिया मित्र, 'शुक्रिया मोदी जी' अभियान आदि पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मोर्चा की ओर से जल्द ही अल्पसंख्यक स्नेह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्तर पर बैठक भी करेंगे। स्नेह संवाद का उद्देश्य लोकसभा चुनाव 2024 से पहले अल्पसंख्यक समुदाय को प्रभावित करने और उन्हें संवेदनशील बनाने व शांतिपूर्ण माहौल का निर्माण करना है। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री सोनू बिरथरे, जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस खान, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इकबाल खान एवं समस्त मण्डल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब की दुकान को चार बदमाशों ने लूटा, 10 हजार रूपए ले गए

शिवपुरी। पिछोर कस्बे में शराब की दुकान पर चार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने कट्टे का भय दिखाकर 10 हजार की रूपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश इतने पर ही नहीं रुके उन्होंने दुकान के सेल्समैन के साथ मारपीट करते हुए शराब की बोतलों को भी अपने साथ ले गए। पिछोर थाना पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ लूट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया है। मुरैना जिले के जौरा के रहने वाले शराब की दुकान के सेल्समैन पीयूष पुत्र सुभाष शिवहरे उम्र 19 वर्ष ने बताया कि वह हरि शिवहरे शराब ठेकेदार की पिछोर कस्बे की नरिया मोहल्ला की शराब की दुकान पर लवप्रीत के साथ बैठा हुआ था। तभी रात करीब 8 बजे शराब की दुकान पर चिरोना गांव का




रहने कल्ला उर्फ बृज मोहन पुत्र मुकेश लोधी और रुचेन्द्र पुत्र इंद्रपाल लोधी निवासी ग्राम भाग व मोहर सिंह लोधी निवासी भाग व एक अज्ञात व्यक्ति जो अपना चेहरा मुफलर से बांधे हुए था, दो बाइकों पर सवार होकर आये थे। चारों लोग दुकान के काउंटर पर आकर खड़े हो गये। मोहर सिंह के हाथ में अधिया ( कट्टा ) था। इसके बाद कल्ला उर्फ बृज मोहन लोधी और रूचेन्द्र लोधी दुकान के अंदर जवरदस्ती घुस आये और मेरी मारपीट करने लगे। मारपीट के बाद दोनों ने गल्ले में रखे 10 हजार उठा लिए और शराब की 16 बोतलों को भी उठा ली। इसके बाद चारों लोग दोनों बाइकों पर सवार होकर भाग गए। इसकी शिकायत पिछोर थाने में दर्ज कराई गई। पिछोर थाना पुलिस ने कल्ला उर्फ बृजमोहन लोधी, रूचेन्द्र लोधी, मोहर सिंह लोधी और एक अज्ञात बदमाशी के खिलाफ आईपीसी की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# जन सेवा मित्रों ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

पिछोर( शिवपुरी ) जन सेवा मित्रों के स्थाई रोजगार एवं सेवा में वृद्धि के संबंध में आज पिछोर ब्लॉक



कोऑर्डिनेटर गिरधर निगोती के नेतृत्व में सभी जनसेवा मित्रों ने पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन रेस्ट हाउस पिछोर में सौपा गया। जिसमें जनसेवा मित्रों द्वारा बताया गया की संपूर्ण मध्य प्रदेश में 9000 से अधिक जन सेवा मित्र कार्य करते हैं। जिसकी कार्याबधी 31 जनवरी को समाप्त हो रही जिसके बाद वे बेरोजगार हो जाएंगे और उनके सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न हो जायेगी तथा अब इस परिस्थिति में दूसरी जगह रोजगार भी इतनी आसानी से प्राप्त नहीं कर पाएंगे साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा घोषणा की गई थी कि अगर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारपुनः बनती है तो प्रदेश के विकास में और जन सेवा के कार्यों में इसी तरह हम आपका सहयोग लेते रहेंगे जनसेवा मित्रों की टीम गांव-गांव घर घर जाकर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करती है ज्ञापन के साथ-साथ पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा सभी जनसेवा मित्रों को आश्वासन दिया है कि वह उनकी बात को ताकत के साथ मुख्यमंत्री तथा विधानसभा के समक्ष रखेंगे।

# जिला खेल परिसर में राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 संपन्न

एकल में नीलेश गुर्जर प्रथम जबकि लक्ष्य पांडे को मिला दूसरा स्थान, डबल्स में नीलेश व सम्यक प्रथम और शिवपुरी के आर्यन राज/अर्णव की जोडी ने पाया दूसरा स्थान

शिवपुरी- श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर शिवपुरी में राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 06 एवं 07 जनवरी 2024 को कलेक्टर रविन्द्र चौधरी, एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, दतिया, गुना, श्योपुर, अशोक नगर, शिवपुरी आदि जिलों के लगभग 67 बालक/बालिका खिलाडियों ने सहभागिता हेतु पंजीयन कराया, जिसमें से 167 बालक/बालिका खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डा के के खरे की उपस्थिति में किया गया। समापन समारोह में शामिल हुई नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा व यातायात प्रभारी रणवीर यादव, किया खिलाड़ियों को सम्मानित प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा, यातायात प्रभारी श्री रणवीर यादव, उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता खिलाडियों को पुरुस्कार स्वरूप नगद राशि का वितरण किया गया है




जिसमें बालक वर्ग में एकल विधा में विजेता खिलाडी अंडर 10-15 वर्ग में नीलेश गुर्जर ग्वालियर प्रथम को राशि 3000/- एवं द्वितीय स्थान पर लक्ष्य पाण्डे ग्वालियर को राशि रु; 2000/- डब्ल्स बालक वर्ग में नीलेश गुर्जर एवं सम्यक् प्रथम 3000/- एवं ?द्वितीय स्थान पर शिवपुरी के आर्यन राज एवं अर्णव रहे जिन्हें राशि रूः 2000/- वही अंडर 16-21 बालक वर्ग एकल विधा में भोलाराम भोपाल प्रथम 3000/- एवं द्रवीण ?द्वितीय स्थान 2000/- वहीं अंडर 16-21 बालिका वर्ग एकल विधा में पूर्णिमा प्रथम 3000/- एवं ?द्वितीय स्थान पर दिव्या धाकड़ 2000/- तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडियों को तेजा भेट किया गया। राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सम्मिलित होने वाले समस्त बालक/बालिका खिलाड़ियों को स्पोर्टस टी शर्ट वितरित की गई । जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ. के. के. खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के टूर्नामेंट आयोजित होने से खिलाडियों में खेल के प्रति रुचि बढ़?ती है व अपनी खेल प्रतिभा निखारने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। इसी प्रकार के छोटे-छोटे टूर्नामेंट में सम्मिलित होने से खिलाडी को अपनी खेल के स्किल में सुधार करने व आगामी टूर्नामेंट में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है। आगे आने वाले समय में खेल परिसर में इसी प्रकार की अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन शीघ्र किया जायेगा। जिससे अन्य खेल के खिलाडियों को भी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिल सके। अंत में आभार जिला खेल अधिकारी डा के के खरे के द्वारा व्यक्त किया गया जबकि समापन कार्यक्रम का संचालन कमल बाथम शेरा ने किया।

# पत्नी ने शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो युवक ने अपने ऊपर तेजाब डाली

शिवपुरी। फिजिकल थाना क्षेत्र के करौंदी कॉलोनी में पत्नी ने शराब खरीदने के लिए पैसे नहीं दिए। इससे



खफा होकर पति ने अपने ऊपर तेजाब उड़ेल ली। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपने बेटे सोनू बाथम का जिला अस्पताल में उपचार कर रही संतो बाई ने बताया, शनिवार की रात उसका बेटा सोनू बाथम अपनी पत्नी ममता से शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर रहा था। उसकी बहू ममता की तबीयत खराब थी। वह सो रही थी और उसने पैसे देने से सोनू को इनकार कर दिया था। इसी बात से भड़के सोनू ने घर में रखी तेजाब की बोतल अपने ऊपर उड़ेल़ दी। जिससे वह झुलस गया, उसे उपचार के लिए जिल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हीटर खरीदने को लेकर पति ने पत्नी को पीटा

शिवपुरी। सर्दी व शीत लहर अब लड़ाई की जड़ भी बनती जा रही है। सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए बाजार से रूम हीटर खरीदने से शुरू हुए विवाद में विवाहिता और उसके मायके वालों को पीट दिया गया। विवाहिता की शिकायत पर फिजिकल थाना पुलिस ने पति और सास के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक रोज पूर्व नरेंद्र नगर की रहने वाली प्रीति बघेल ने अपने पति राजेंद्र बघेल सर्दी से बचने के लिए बाजार से रूम हीटर खरीदकर लाने की बात कही थी। इसी बात से दोनों के बीच मुंहवाद हो गया था। विवाहिता ने अपने मायके भितरवार फोन कर मायके वालों को बुला लिया था। बीते रोज विवाहिता के पिता लक्ष्मण, मां शीला, दो भाई बंटी और दीपेश बघेल प्रीति की ससुराल पहुंच गए थे। जहां मायके बालों ने वेबजह प्रीति को न परेशान करने की बात कहने पर प्रीति का पति और सास भड़क गई और मायके वालों के सामने ही प्रीति की मारपीट कर दी इस बीच बचाने आई प्रीति की मां को समधन ने पीट दिया। प्रीति बघेल की शिकायत पर फिजिकल थाना पुलिस ने आरोपित पति और उसकी सास के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

वहीं पुलिस ने प्रीति सास जमुना बघेल की शिकायत बहू प्रीति, समधन शीला, समधी लक्ष्मण और प्रीति के दोनों भाई बंटी और दीपेश बघेल के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

# अवैध लाल मुरम के हाईवा डम्फर को मय आरोपी के पुलिस ने पकडा

कोलारस। थाना कोलारस पुलिस के द्वारा आज शनिवार को मुखविर सूचना प्राप्त हुई की एक डम्फर एम पी 07 एच बी 9525 जिसमें लाल मुरम भरी हुई है जौ पडोरा सहराना तरफ से आ रहा है प्र.आर. भूपेन्द्र सिह तौमर, आर. पुष्पेन्द्र रावत को फोन द्वारा सूचना दी की बस स्टैण्ड कोलारस पर मिले। फोर्स कोलारस बस स्टेण्ड पर उपस्थित मिला जिसे मुखविर की सूचना से अवगत कराकर एवं राहगीर पंचान अब्दुल रज्जाक पुत्र अब्दुल करीम उम्र 32 साल नि. कोलारस को मुखबिर की सूचना से अवगत कराकर श्रीमान टीआई साहब के निर्देशानुसार प्रायवेट वाहन से मय हमराही फोर्स व पंचान के मुखबिर के बताये स्थान पडोरा तरफ रवाना हुए जैसे ही केपीएस स्कूल के सामने पहुचे तो एक सफेद पीले रंग का डम्फर क्र. एमपी 07 एचबी 9525 का कोलारस तरफ आता हुआ दिखा जिसे हमराह फौर्स की मदद से रोका और देखा तो डम्फर में लाल मुरम भरी हुई थी डम्फर चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम शिवराज लोधी पुत्र हनुमंत सिह लोधी उम्र 30 साल नि. ग्राम माढा गणेशखेडा थाना रन्नौद का होना बताया डम्फर चालक से लाल मुरम के बारे में पूछताछ की चालक ने बताया कि मैं ग्राम पडोरा सहराना से लाल मुरम को भरकर लाया हूं, चालक से लाल मुरम की बैध रोयल्टी चाही तो चालक द्वारा कोई रोयल्टी व अन्य कोई बैध कागजात होना नही बताया आरोपी लाल मुरम का अबैध रूप से पडोरा सहराना में से उत्खनन कर परिवहन कर रहा था आरोपी का उक्त कृत्य धारा 379 भादवि 4 ( 1 ) 21 ( 1 ) खान एवं खनिज पाया जाने से मौके पर समक्ष हमराही पंचान अब्दुल रज्जाक पुत्र अब्दुल करीम उम्र 32 साल नि0 कोलारस एवं आर. पुष्पेन्द्र रावत थाना कोलारस के डम्फर क्र. एमपी 07 एचबी 9525 को जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। आरोपी का कृत्य सात वर्ष से कम सजा से दंडनीय होने से आरोपी चालक शिवराज लोधी पुत्र हनुमंत सिह लोधी उम्र 30 साल नि0 ग्राम माढा गणेशखेडा थाना रन्नौद का धारा 41 क जाफौ. का नोटिसा तामील कराकर न्यायालय में उपस्थित होने हेतु पाबंध कर रिहा किया। बाद जप्त शुदा डम्फर क्र. एमपी 07 एचबी 9525 मय फोर्स मय प्रायवेट वाहन के वापस थाना आये डम्फर सुरक्षार्थ थाना प्रांगण में रखा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोलारस निरी जितेन्द्र मावई, प्र.आर. भूपेन्द्र सिह तौमर, प्रआर. अवतार सिह, आर. पुष्पेन्द्र रावत आर. नाहर सिंह, आर. सौरभ पचोरी की विशेष भूमिका रही है।

# लापता युवक का शव कुएं में मिला, हत्या की आशंका

शिवपुरी। खनियाधाना थाना क्षेत्र में आज रविवार की सुबह ग्राम खिरिया का हार गांव में एक खेत में बने कुएं में एक युवक की लाश पुलिस ने बरामद की। युवक 3 दिसंबर से लापता था। पुलिस ने इस मामले एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि युवक की हत्या पैसों के लेनदेन और अवैध संबंधों के चलते हुई है। जानकारी के मुताबिक़ खनियाधाना क्षेत्र के देवखो गांव का रहने वाला 30 वर्षीय देशपथ लोधी पुत्र सिरनाम लोधी खिरिया का हार गांव में पिंकू ठाकुर के खेत पर बटाई से खेती का काम करता था। देशपथ लोधी 4 जनवरी को अपने घर से खेत पर जाने की कहकर निकला था। इसके बाद से वह लापता हो गया। देशपथ लोधी की गुमसुदगी की शिकायत खनियाधाना थाने में दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने शिकायत के साथ खेत मालिक पिंकू ठाकुर से लेनदेन के बिगड़े हिसाव के चलते शंका जाहिर की थी। पुलिस ने शंका के आधार पर पिंकू ठाकुर उम्र 47 वर्ष व उसके साथ गोलू यादव उम्र 30 वर्ष को राउंड अप किया था। सख्ती से पूछताछ में दोनों टूट गए और उन्होंहे देशपथ की हत्या करना स्वीकार कर लिया। दोनों ने बताया कि 4 जनवरी की शाम शराब पीने के लिए खेत देशपथ लोधी पर बुलाया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में उसका शव खेत पर बने कुए में फैंक दिया। दोनों ने बताया कि साजिश में उनका साथ पिंकू ठाकुर के खेत पर रहने वाली गोमती आदिवासी ने भी दिया। पुलिस ने हत्या करने का कारण पूछने पर पिंकू ठाकुर ने बताया कि उसे देशपथ लोधी से दो लाख रूपे लेने थे।

# गौ वंश से भरा ट्रक पुलिस ने किया जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

कोलारस। विगत दिवस कोलारस पुलिस ने बछड़ों भरे ट्रक को जब्त कर दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ट्रक में गौवंश को बूचड़खाने में काटने के लिए नेशनल हाइवे पडोरा की ओर से इंदौर की ओर लेजाया जा रहा था। पुलिस ने पूरनखेड़ी फोरलेन हाइवे पर इसे दबोच लिया। पुलिस ने दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है। दोनों ही इंदौर के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी जितेंद्र मावई को मुखबिर से सूचना मिली कि नेशनल फोरलेन हाइवे पडोरा की तरफ से एक ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 6399 बछड़ों से भरकर इंदौर की ओर जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने पूरनखेड़ी के पास चेकिंग लगा दी। इस दौरान पुलिस को यह ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। चकमा देने के लिए आरोपितों ने ट्रक पर तिरपाल बिछा रखी थी। जैसे ही पुलिस ने ट्रक को रोका तो चालक और क्लीनर ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। ट्रक में 15 बछड़ों को क्रूरता के साथ भरा हुआ था। पुलिस ने महेश पुत्र विक्रम सिंह सोलंकी उम्र 38 वर्ष निवासी गुरूदारे के पीछे निरंजनपुर थाना लसूड़िया जिला इंदौर व शिवकुमार पुत्र नाथूलाल मीणा उम्र 55 वर्ष निवासी गुरूदारे के पीछे निरंजनपुर थाना लसूड़िया को गिरफ्तार किया है। बछड़ों को गोशाला भेज दिया गया है। कार्रवाई में एएसआइ रामसिंह भिलाला, भूपेंद्र सिंह, नरेश दुबे, नीतू सिंह, पुष्पेंद्र रावत, राहुल परिहार, देशराज सिंह, नाहर सिंह, इमरान खान की प्रमुख भूमिका रही।

# योग और अध्यात्म पर आधारित कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वामी परमार्थ देव ने दिया मार्गदर्शन






गुना। पतंजलि योगपीठ द्वारा योग और अध्यात्म पर आधारित कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को रेल्वे कम्युनिटी हॉल में हुआ। जिसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य स्वामी परमार्थ देव ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुरू किया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव महाराज का आशीर्वाद वचन वर्चुअल माध्यम से प्राप्त हुआ। डॉ स्वामी परमार्थ देव द्वारा योग एवं अध्यात्म एवं आयुर्वेद के विषय को लेकर कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग और अध्यात्मिक के द्वारा हम हमारे राष्ट्र को और राष्ट्र के प्रत्येक नागरिकों को स्वस्थ और समृद्धशाली बनाने का मंत्र दिया। पतंजलि कार्यकर्ताओं को पतंजलि संगठन आने वाले समय में किस प्रकार से कार्य करेगा, उस विषय को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस मौके पर भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी राजेंद्र आर्य, पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी, युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेमाराम पुनिया, राज्य प्रभारी मनेंद्र सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार एवं एडवोकेट महावीरसिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, राज्य कार्यकारणी सदस्य वीरेंद्र सिंह, विक्रम डुडी, महेश कुमावत, सीपी रघुवंशी, ओएन शर्मा, हरिसिंह यादव, डॉ एम के विश्वास, जिला योग प्रभारी बाबूलाल यादव, मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, महेश पाल, शिवदयाल मंचासिन रहे। यह कार्यक्रम पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवाभारत, किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, राजगढ़ के कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए।

## नवागत पुलिस कप्तान ने ली जिले के पुलिस अधिकारियों एवं सभी थाना/चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग

### पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष भाव से कर्तव्य निर्वहन करने के दिये निर्देश

गुना। जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा शनिवार पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागार में जिले भर के सभी पुलिस अधिकारियों की क्राईम मीटिंग ली गई, जिसमें जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारीगण, सभी थाना व चौकी प्रभारीगण मौजूद रहे। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक श्री सिंहा द्वारा सर्वप्रथम सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर थानों की भौगौलिक व कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली गई एवं सभी को पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये तथा सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों को अपने-अपने अनुविभाग के थानों की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही निम्नानुसार निर्देश भी श्री सिंहा द्वारा अपने मातहतों को दिए गए। उक्त निर्देशों में किसी भी थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ नहीं चलना चाहिए, यदि किसी थाना क्षेत्र में इस प्रकार की कोई गतिविधि संचालित होती है तो इसके लिये थाना प्रभारी जबावदार होंगे। आसामाजिक व आपराधिक तत्वों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाए। शासन द्वारा हाल ही में दिये गये निर्देशों लाउड स्पीकर, खुले में मांस विक्रय आदि निर्देशें का अक्षरश पालन कराया जाए। आमजन व थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार रखें। एससी/एसटी वर्ग के प्रकरणों के निराकरण में तीव्रता लाई जाए। लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित माल, लंबित मर्ग, लंबित शिकायतों आदि का शीघ्रता से निराकरण करें एवं आगे से इनामें तेजी से कार्यवाही की जाए। मीटिंग में सभी अनुविभागीय अधिकारीगण, सभी थाना व चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## अहिरवार समाज की बैठक में ब्लॉक समितियों को किया भंग

गुना। अहिरवार समाज संघ जिला गुना की बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैयाराम अहिरवार द्वारा की गई। आभार जिला अध्यक्ष कार्यवाहक भंवरलाल अहिरवार निवासी कुंभराज ने व्यक्त किया। इस बैठक में गुना जिले के सभी तहसील ब्लॉक के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और समिति के विस्तार के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही सामाजिक समस्याओं के मुद्दों को रखा। इस मौके पर सभी सदस्यों की सहमति से ब्लॉक बमोरी, राघौगढ़, मधुसूदनगढ़, कुंभराज अहिरवार समाज संघ की समितियों को भंग करने का प्रस्ताव पास किया गया। जनवरीी माह में ही समितियों का गठन करने जा निर्णय सभी की सहमति से लिया गया। बैठक में चर्चा उपरांत सभी की सहमति से अहिरवार समाज संघ जिला गुना का मीडिया प्रभारी रामहेत बरोलिया निवासी कुंभराज को बनाया गया। इसी प्रकार बमोरी ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद अहिरवार निवासी परांठ को बनाया गया। इस बैठक में उपस्थित सीताराम, शिवराज, भागीरथ, हरिराम, श्रीलाल, परमाल, रविंद्र, मनोज, पांचूलाल, शिवनारायण शिक्षक, गणेशराम, नारायणलाल शिक्षक, रमेश चंद, पूरनलाल, संजेश आदि लोग उपस्थित हुए।



## 12 जनवरी को गुना में कांग्रेस के दिग्गजों का जमावड़ा

### संयुक्त संगठनात्मक दौरे के तहत लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

गुना। 12 जनवरी को कांग्रेस के कई दिग्गज एक साथ गुना आ रहे हैं। मप्र प्रभारी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, डॉ.गोविन्द सिंह, हेमंत कटारे, रामनिवास रावत, जयवर्धनसिंह, लाखनसिंह यादव 9 से 12 जनवरी तक संयुक्त संगठनात्मक दौरा कार्यक्रम करेंगे। जिसके तहत यह सभी नेता 12 जनवरी को गुना जिले के दौरे पर रहेंगे। गुना जिले के कांग्रेस संगठन प्रभारी राघवेन्द्र शर्मा ने बताया कि कांग्रेस कार्यालय भोपाल से जारी कार्यक्रम के मुताबिक शिवपुरी और कोलारस का दौरा करने के बाद समस्त वरिष्ठ नेता सुबह 11.30 बजे गुना आएंगे। यहां वह दोपहर 1 बजे जिला, ब्लॉक और ग्रामीण सहित मंडलम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे अशोकनगर के लिए रवाना हो जाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने आगमन की तैयारिया शुरू करते हुए प्रत्येक सम्बंधित कार्यकर्ता से मुस्तैदी के साथ लोकसभा चुनाव में जुट जाने का आव्हान किया है तथा उनके क्षेत्र के लोगों के नाम वोटरलिस्ट में बड़वाने तथा लिस्ट चेक करने के पश्चात अवांछित नामो को हटवाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद दिग्गजों का गुना जिले में पहला दौरा है। इसे देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने और बैठक को सफल बनाने की तैयारियों में जुट गई है।

## घरेलू कामकाजी रजक महिलाओं और पुरूषों के वेतन बढ़ाने रजक महासमाज सौंपेगा ज्ञापन

गुना। रजक महासमाज संगठन जिला इकाई गुना की एक महत्वपूर्ण मीटिंग पुरानी गल्ला मंडी सिंधिया पार्क में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन विस्तार और जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ ही घरेलू कामकाजी रजक महिलाओं और पुरूषों के वेतन बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। साथ ही संत श्री गाडगे बाबा की जयपुर से बनकर आई मूर्ति के दानदाताओं के सम्मान समारोह पर भी विचार-विमर्श किया गया। रजक महासमाज मध्य प्रदेश संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश रजक मातापुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण भड़ेरिया की अध्यक्षता में बैठक सिंधिया पार्क में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सबसे बड़ा निर्णय जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर था, इस बैठक में संत गाडगे बाबा की जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श हुआ। साथ ही बाबा की मूर्ति निर्माण में सहयोग करने वाले रजक समाज के लोगों का सम्मान करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सामाजिक स्तर पर काम कर रहे कार्यों में पुरुष और महिलाओं के कार्य की दर बढ़ाने और कामकाजी महिलाओं के घरेलू काम के रेट बढ? पर भी विचार विमर्श किया गया। इस बाबत शीघ्र संगठन के लोग महिला और पुरुष के घरेलू कार्य की रेट बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे, ताकि शहर में घर-घर में पुरुषों और महिलाओं के साथ हो रहा शोषण बंद हो सके और उनको अपने कार्य की उच्च दर प्राप्त हो सके। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण भड़ेरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश रजक मातापुरा, प्रदेश मंत्री राजकुमार रजक, संभाग अध्यक्ष बंटी झाला, संभाग मंत्री दिनेश रजक पीओपी, जिला अध्यक्ष छोटेलाल रजक, उपाध्यक्ष मुकेश रजक, रामपाल रजक, नीरज रजक, युवा अध्यक्ष गोविंद रजक, मिथुन रजक, बसंतीलाल रजक, मनीराम रजक, रामदयाल रजक, राजेश रजक बीलाबावड़ी, नरेंद्र रजक, सौरभ रजक, विनोद रजक, उपेन्द्र रजक आदि अनेक संगठन के लोग उपस्थित थे।



## बिना अनुमति भवन अनुज्ञा के कंपाउंडिंग के सरलीकरण हेतु नपाध्यक्ष ने शासन को लिखा पत्र

गुना। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को लिखे पत्र में बिना अनुमति भवन, निर्माण अनुमति, कंपाउंडिंग की प्रक्रिया को सरल करने का अनुरोध किया है। श्रीमती गुप्ता ने अपने पत्र में बिना अनुमति के बने भवनों की अनुज्ञा के कंपाउंडिंग वाले विषय को सरलीकरण करने के लिए मंत्री श्री विजयवर्गीय से अनुरोध किया है कि प्रदेश की नगर पालिकाओं के हित में इस प्रक्रिया को सरल किया जाए। वर्तमान में कंपाउंडिंग की प्रक्रिया प्रशमन अर्थात भवन निर्माण को तोड? के उपरांत ही दी जा सकती है, जबकि व्यवहारिक रूप में यह संभव नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता द्वारा भवन तोड? की शर्त पर अनुमति देने का अनुरोध किया है। अथवा शासन स्तर पर जो जनहित में अधिक से अधिक सरल प्रक्रिया हो सकती हो, वह अपनाने का अनुरोध किया है, जिससे प्रदेश भर की नगर पालिका क्षेत्र में बने भवनों को भवन अनुज्ञा जारी कर भवन स्वामी को लाभान्वित किया जा सकता है, साथ ही निकाय को इससे राजस्व वा लाभ भी होगा।

## सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली जागरूकता रैली

मुरैना /सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान की मौजूदगी में रविवार को शहर के



मुख्य मार्गो से होकर जागरूकता रैली निकाली गई। लोंगो को यातायात नियमों के पालन एवं वैध दस्तावेज युक्त वाहन संचालन करने के लिये जागरूक किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ठाकुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार, यातायात प्रभारी श्री रोहित सिंह यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' जिले के 14 ग्रामों में पहुंची

मुरैना/केंद्र शासन की योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' निकाली जा रहीं है। इसके तहत रविवार को जिले के 7 विकासखण्डों के 14 ग्रामां में पहुंची। मुरैना विकासखण्ड के ग्राम मलखान का पुरा, पिपरसेवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह सहित खण्ड स्तर के अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' विकासखण्ड सबलगढ़ के ग्राम सराय, सलमपुर, पहाडगढ़ के ग्राम सरसैनी, खिटौरा, कैलारस के ग्राम चौकी, नगावनी, जौरा के ग्राम बरौली, नाहरदौंकी, मुरैना के ग्राम पिपरसेवा, भटपुरा डांग, ग्राम उराहना, भाकरी, मलखानपुरा, अम्बाह के बीलपुर, ऐसाह और पोरसा विकासखण्ड के ग्राम परदू का पुरा में पहुंची। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान आईईसी वैन (प्रचार रथ) के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो भी प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थित ग्रामीणजनों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने ''मेरी कहानी-मेरी जुबानी'' के अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया।

## जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक ने थानों का किया औचक निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान केंट थाने के एक प्रधान आरक्षक व दो आरक्षकों को किया लाईन अटैच

गुना। जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में अपना पदभार संभालते ही जिनके द्वारा जिले के थानों का औचक निरीक्षक किया जा रहा है। इस दौरान वह गत रात केंट थाने के निरीक्षण पर पहुंचे, जहां निरीक्षण करने पर थाने के प्रधान आरक्षक कृष्णपाल सिंह रघुवंशी, आरक्षक गोविन्द रघुवंशी एवं आरक्षक राहुल सुरोसे की अवांछनीय गतिविधियों में संलिप्ता पाये जाने पर, जिनके विरूद्ध सख्त एक्शन लेते हुये तीनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर सीएसपी गुना को प्रारंभिक जांच के आदेश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई कि यदि किसी भी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी की कोई अवांछनीय गतिविधि में संलिप्ता पाई गई तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## पीएम जन-मन अभियान को पूरी गंभीरता से लें - संभाग आयुक्त सिंह

### मिशन मोड पर काम कर एक हफ्ते में सभी सहरिया परिवारों का सर्वे पूर्ण कराने के दिए निर्देश संभाग आयुक्त ने बैठक लेकर की अभियान की समीक्षा

मुरैना/सभी विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को सहरिया जनजाति बहुल बसाहटों में घर-घर भेजें और एक हफ्ते के भीतर सर्वे का काम पूरा कराएँ। पीएम जन-मन अभियान (प्रधानमंत्री जाजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान) के तहत किए जा रहे सर्वे के काम को मिशन मोड पर लें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई सामने आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी संभागीय व जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि अभियान की प्रगति की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करें। संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने रविवार को संभाग आयुक्त कार्यालय में पीएम जन-मन अभियान के क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागों के संभागीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में ग्वालियर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार भी मौजूद थे। बैठक में संभाग आयुक्त श्री सिंह ने सभी विभागों के संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान की सतत मॉनीटरिंग करें और अधीनस्थ जिला स्तरीय अधिकारियों से समन्वय बनाकर एक हफ्ते में सर्वे का काम पूरा कराएँ। उन्होंने संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि पीएम जन-मन अभियान के एजेण्डे पर हर पंचायत में ग्राम सभा व ग्राम पंचायतों की बैठकों का आयोजन कराएँ। इसी तरह जनपद पंचायत व जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठकें भी आयोजित कराएँ। इन बैठकों में पीएम जन-मन अभियान के बारे में जानकारी दें। साथ ही जनप्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त कर कार्ययोजना में शामिल करें। उन्होंने जिला स्तर पर सांसदगण व विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर इस योजना के बारे में जानकारी देने के लिये भी कहा। संभाग आयुक्त श्री सिंह ने बैठक में पीएम जन-मन अभियान के क्रियान्वयन के लिये बनाई गई कार्ययोजना और सर्वे की वस्तुस्थिति की जिलेवार समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये आशा कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करें और जो आशा कार्यकर्ता एक हफ्ते के भीतर इस काम को पूरा नहीं करें, उन्हें कार्य से पृथक करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही कहा सर्वे के दौरान मैदानी अधिकारी अपने साथ योजनाओं के आवेदन फॉर्म लेकर जाएँ और पात्र सहरिया व्यक्तियों के फॉर्म भरवाकर उन्हें लाभान्वित कराएँ। बैठक में संभाग आयुक्त ने जोर देकर कहा कि पीएम जन-मन अभियान के तहत संभाग में निवासरत सहरिया जनजाति के शतप्रतिशत परिवारों को लाभान्वित कराने के लिये सरकार ने 9 बिंदु निर्धारित किए हैं। अभियान के तहत 16 प्रकार की योजनाओं से सभी पात्र सहरिया व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाना है। इसके अलावा शासन की अन्य नियमित योजनाओं का लाभ भी सहरिया परिवारों को अनिवार्यतः देना है। योजनाओं से लाभान्वित कराने के साथ-साथ शेष सहरिया जनजाति बहुल बस्तियों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने और बस्ती के अंदर अधोसंरचनागत कार्य भी अनिवार्यतः किए जाने हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संभागीय अधिकारी को ताकीद किया कि यदि कोई भी सहरिया बहुल बस्ती सड़क से जुड़ने से छूटी तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जायेगी।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी 15 जनवरी को करेंगे हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को जनजाति के हितग्राहियों से पीएम जन-मन अभियान के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे। संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि इस दिन संभाग के शिवपुरी जिले के एक हितग्राही से भी प्रधानमंत्री चर्चा करेंगे।

**इन योजनाओं से शतप्रतिशत सहरिया परिवारों को कराया जाएगा लाभान्वित**

पीएम जन-मन योजना के तहत घर-घर सर्वे कर शेष सभी सहारिया लोगों के आधारकार्ड बनाए जायेंगे। पीएम गरीब कल्याण योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जन-धन, पीएम जीवन ज्योति बीमा व पीएम सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही पीएम विश्वकर्मा, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम सुरक्षित मैत्रिय अभियान, पीएम नेशनल डायलेसिस प्रोग्राम, स्किल सेल मिशन और राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम का लाभ भी शतप्रतिशत सहरिया जनजाति के लोगों को दिलाने का लक्ष्य लेकर यह अभियान शुरू किया गया है।

**ग्वालियर-चंबल संभाग में सहरिया जनजाति की कुल 5,50,385 जनसंख्या**

ग्वालियर व चंबल संभाग में सहरिया जनजाति की कुल जनसंख्या 5 लाख 50 हजार 385 है। इसमें ग्वालियर संभाग के पाँच जिलों में 3 लाख 97 हजार 165 व चंबल संभाग के तीन जिलों में एक लाख 53 हजार 220 सहरिया जनसंख्या शामिल है। ग्वालियर जिले के अंतर्गत 61 बसाहटों में कुल 43 हजार 563 सहरिया व्यक्ति निवासरत हैं। गूगल मीट से जुड़े मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत मुरैना जिले के 5 विकासखण्डों में 35 पंचायतों के अंतर्गत 56 गांव है, इन गांवों के लिये कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्रपत्र तैयार किये गये है। गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर सर्वे कार्य के लिये टीमें गठित कर दी गई है। जिसमें विद्युत मंडल, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, फूड विभाग के अलावा अन्य शामिल विभागों को भी सिलेक्टेट कर फील्ड में सर्वे के लिये लगा दिया है। यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण होने के उपरांत छूटे हुये सहारिया परिवारों को लाभान्वित के लिये चिन्हित कर लिया गया है।

## सम्पादकीय

### संघ मुख्यालय नागपुर में पहुंचे चीन के राजनेता और अधिकारी

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में चीन के राजनायिकों का एक दल महाराष्ट्र पहुंचा था। इस दौरे में वाणिज्य दूतावास के राजनायिक भी शामिल थे। संघ मुख्यालय में जब चीन का यह दल पहुंचा।उस समय वहां पर संघ प्रमुख मोहन भागवत मौजूद नहीं थे। चीन से आए दल में शामिल राजनेताओं और अधिकारियों की मुलाकात संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ हुई। इस खबर को काफी दिनों तक गुप्त रखा गया। संघ और सरकार द्वारा इसकी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। चीन के राजनायिकों की संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक की खबर जब बाहर निकाल कर आई उसके बाद संघ मुख्यालय में हुई इस बैठक का मामला तूल पकड़ रहा है। चीन के साथ भारत के संबंध पिछले कई महीनो से बहुत तनावपूर्ण ओर अच्छे नहीं हैं। सीमा पर सेना तैनात की गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख भागवत द्वारा लगातार भारत और चीन के संबंधों को लेकर नाराजगी जाहिर करते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी भी राहुल गांधी के चीन के संबंधों को लेकर लगातार हमला करती रही है। पहली बार संघ और भाजपा के ऊपर हमला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर एक नया विवाद पैदा कर दिया है। चीन के साथ व्यापार संबंधों को लेकर संघ की हमेशा भारत सरकार से असहमति रही है। संघ लगातार सरकार पर दबाव डालता रहा है, कि चीन के साथ व्यापार को कम किया जाए। व्यापार घाटे को संतुलित किया जाए , सीमा की सुरक्षा को लेकर संघ हमेशा सरकार के ऊपर दबाव बनाता रहा है। चीन द्वारा भारत की सीमा के अंदर आकर जो कब्जा किया गया है। उसको लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रही है।ऐसी स्थिति में चीन के राज नायिकों का दल भारत में चीन के वाणिज्य दूतावास के दिल्ली और मुंबई के अधिकारियों का शामिल होना अब विवादों का विषय बन गया है। संघ मुख्यालय में चीनियों का संघ मुख्यालय में जाना और क्या बातचीत हुई है। इसको गुप्त रखे जाने से अब यह मामला तूल पकड़ने लगा है। संघ के कभी भी चीन के साथ अच्छे संबंध नहीं रहे हैं। चीन कम्युनिस्ट देश होने से हमेशा से संघ के निशाने पर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन के राष्ट्रपति के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। विदेश मंत्री के बीच चीन के साथ व्यक्तिगत संबंध है। लेकिन संघ हमेशा चीन के साथ संबंधों को लेकर अपनी नाराजी प्रदर्शित करता रहा है। चीन के राजनायिक यदि नागपुर जाकर संघ के शीर्ष पदाधिकारी से मिल रहे हैं।इसे एक बड़े परिवर्तन का संकेत माना जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मोदी सरकार ने पीएलआई योजना में विनिर्माण के क्षेत्र में काम कर रहे चीन के तकनीशियन और उसमें काम कर रहे लोगों को वीजा नियमों में छूट दी है। भारत का कारोबार चीन के साथ कम होने के स्थान पर और भी अधिक होता जा रहा है। भारत और चीन के बीच का व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। संघ लगातार इसका विरोध करता रहा है। इस विरोध के बीच में यदि चीन के वाणिज्य दूतावास के अधिकारी और चीन के राजनेता संघ मुख्यालय में जाकर संघ के नेताओं से मिल रहे हैं। इसको लेकर राजनीति में एक तूफान बनने लगा है। यह तूफान कितनी रफ्तार से आगे बढ़ेगा या आने वाले दिनों में इसकी क्या स्थिति होगी। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। चीन के जो राजनेता और अधिकारी नागपुर संघ मुख्यालय पहुंचे थे। उस मुलाकात को गुप्त रखा गया है। लगभग 1 महीने के बाद यह खबर निकलकर बाहर आई है। इसने राजनीति में एक उफ़ान पैदा कर दिया है। इस उफान को सरकार और संघ कैसे ठंडा करेगा, इसको लेकर अब चिंता की जाने लगी है। कुछ ही महीना में लोकसभा के चुनाव हैं। चीन के साथ सीमा पर चल रहे तनाव का असर इस चुनाव में पड़ना तय है। चीन को लेकर विपक्षी दल पहले ही सरकार पर हमलावर हैं। अब यह हमला संघ का चीन के साथ संबंधों को लेकर भी हो रहा है। यह स्थिति एक नए परिवर्तन का संकेत दे रही है। कांग्रेस आरोप लगा रही है, कि चीन और संघ के बीच ऐसा कुछ पक रहा है। जो संघ और सरकार छुपाना चाह रही है। कांग्रेस इसको सार्वजनिक करने का दवाब बना रही है।

## देश में साल 2024 में होने वाले खेल मुकाबले



भारत में इस साल हॉकी, बैडमिंटन सहित कई अन्य खेलों के बड़े खेल आयोजन होंगे। साल की शुरुआत में ही 13 जनवरी से रांची में हॉकी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट शुरू होगा। यह इस साल का देश में पहला बड़ा खेल आयोजन होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम इस टूर्नामेंट में जीत के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेगी। इसके अलावा 16-21 जनवरी तक इंडिया ओपन बैडमिंटन के मुकाबले नई दिल्ली में खेले जाएंगे। वहीं 23 से 28 जनवरी तक डब्ल्यू.टी.टी. स्टार्ट कंटेंडर टेबल टेनिस मुकाबले गोवा में होंगे। वहीं 3-9 फरवरी तक एफआईएच प्रो हॉकी लीग (महिला) हॉकी का आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा।

वहीं 19-25 फरवरी के बीच एफआईएच प्रो हॉकी लीग (पुरुष) हॉकी का आयोजन राउरकेला में किया जाएगा।

इसके बाद 12 से 14 अप्रैल तक चेन्नई में सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप एथलेटिक्स होगी। वहीं 1-14 जून के बीच विश्व जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप शतरंज नई दिल्ली में खेली जाएगी। 20 से 22 सितंबर तक नोएडा में इंडियन ग्रां प्री मोटो जीपी रेस ग्रेटर नोएडा में होगी। 4 से 6 अक्टूबर तक एसएएफएफ सीनियर एथलैटिक्स चैंपियनशिप एथलैटिक्स, रांची

में खेली जाएगी। 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक लखनऊ में सैयद मोदी इंडिया इंटरनैशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट व 3 से 8 दिसंबर के मध्य इंडिया सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट होगा। साल के अंत में 10 से 15 दिसंबर के बीच इंडिया सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट खेला जाएगा।

## डोनाल्ड ने रबादा की जमकर तारीफ की

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड ने कगिसो रबादा की जमकर प्रशंसा की है। डोनाल्ड ने कहा कि विकेट लेने की भूख और गेंद को फेंकने की जबरदस्त तकनीक के कारण ही वह एक महान तेज गेंदबाज बने हैं। डोनाल्ड के अनुसार गेंदबाजी के दौरान रबादा का कूल्हा भाला फेंक के खिलाड़ी की तरह घूमता है जिससे उन्हें अतिरिक्त गति मिलती है। डोनाल्ड ने कहा कि रबादा की गेंदबाजी शैली पुराने जमाने के महान गेंदबाजों की तरह है। इसी कारण 61 मैच खेलने वाले रबादा 300 टेस्ट विकेट से केवल 13 विकेट ही दूर हैं। उन्होंने कहा, 'कौशल एक चीज है पर उसमें गेंद को बल्लेबाज से दूर ले जाने की



शानदार क्षमता है। उसने भारतीय टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की थी। सेंचुरियन में सीरीज के शुरुआती मैच में रबादा ने सात विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया था। डोनाल्ड ने कहा, 'उसे गेंदबाजी करते हुए देखना हमेशा की तरह शानदार था। मुझे लगता है कि सफलता के लिए उसकी प्यास से उसके प्रदर्शन में निरंतरता बनी है। जिस किसी को भी सफलता मिलती है, इससे कोई असर नहीं पड़ता कि वह कौन सा खेल खेलता है, उसकी सफलता का मूल्यांकन उसके प्रदर्शन की निरंतरता से किया जाता है। डोनाल्ड ने कहा कि तेज गेंदबाजी करने के लिए कूल्हे और कंधे का सुचारू मूवमेंट जरूरी होता है और रबादा इस मामले में तकनीकी रूप से बाकियों से काफी आगे हैं। उन्होंने कहा, 'सभी अच्छे तेज गेंदबाजों के कूल्हे और कंधे का घुमाव शानदार होता है और यदि आप उसे तकनीकी रूप से देखें तो वह हवा में बेहतरीन स्थिति में आ जाता है।

# जमीनी हकीकत से अंजान अहंकारी निर्णय ठीक नहीं होते

चैतन्य भट्ट

पिछले दिनों दिल्ली, यूपी, बिहार, गुजरात समेत अन्य राज्यों में जनजीवन ट्रक और बस ड्राइवरों की अचानक हुई हड़ताल से थम सा गया। पेट्रोल,डीजल, दूध, खाद्यान्न समेत सारी आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चरमराती दिखी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह ठप हो गया। लोग छोटी मोटी दूरियों का सफ़र करने में भी परेशान हो गए। शुक्र है कि परिस्थितियां त्राहि-त्राहि मचने के पहले ही संभल गईं ।

हड़ताल का कारण पिछले हफ्ते लागू नए आपराधिक न्याय विधेयक के प्रावधान रहे जिनके तहत लापरवाही या तेज स्पीड से गाड़ी चलाते दुर्घटना होने और पुलिस को बताए बिना फरार हो जाने पर ड्राइवर को 10 साल की सजा और 7 लाख जुर्माना हो सकता है। न भागने पर भी पांच साल की सजा हो सकती है। दोनों ही मामले गैर-जमानती भी हैं यानी थाने से जमानत नहीं मिलेगी। पुराने कानून के मुताबिक अधिकतम दो साल की सजा है और थाने से जमानत भी मिल जाती है। हड़ताली ड्राइवरों का कहना है कि वह जानबूझकर हादसों को न्योता नहीं देते। ज्यादातर दुर्घटनाएं छोटी गाड़ी वालों की गलती से होती हैं मगर भीड़ उन पर टूट पड़ती है और मारपीट तो छोड़िए हत्या तक पर उतारू हो जाती है। ऐसे में अगर वो दुर्घटना के बाद रुके तो भीड़ उन्हें मार डालेगी और अगर नहीं रुकते हैं तो सरकार मार डालेगी। 10-15 हजार रुपये महिना कमाने वाले ड्राईवर सात लाख रुपये का जुर्माना कहां से देंगे। ऐसी दुर्घटनाओं से संबंधित खबरों का इतिहास टटोलें तो लगेगा की ड्राइवरों की बातों में सच्चाई है। दुर्घटना हुई नहीं कि छुटभैये नेता गुस्साई भीड़ का निजाम अपने हाथों में थाम लेते हैं और वाहनों को आग लगाने, ड्राइवर को अधमरा होने तक पीटने जैसी घटनाएं हो जाती हैं। सच कहें तो देश की आपूर्ति व्यवस्था की जीवन रेखा कहे जाने वाले लगभग 80 लाख ड्राइवरों की हालत दयनीय है। हफ्तों घर परिवार से दूर देश भर की खाक छानने वाले इन ड्राइवरों की मासिक आमदनी 25 हजार से भी कम है। सेवलाईफ फाउंडेशन का सर्वे बताता है कि आधे से अधिक ड्राइवर अन्य विकल्प न होने के कारण यह काम करने पर मजबूर हैं। उनमें असंतोष के प्रमुख कारणों में पुलिस/आरटीओ की गुंडागर्दी, परिवार के साथ वक्त बिताने के बहुत कम मौके, ऐक्सिडेंट की आशंका में जिंदगी का खतरा और काम की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं होना शामिल हैं। बहरहाल अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस (ंघ्श्ऊण) और गृह मंत्रालय के बीच लंबी बातचीत हुई और सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया कि कानून अभी लागू नहीं हुआ है। नए प्रावधान लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद हड़ताल वापस हुई और जनता ने राहत की सांस ली। दबाव के आगे न झुकने की छवि वाली सरकार के दो ही दिनों में झुक जाने के राजनीतिक मायने भी निकाले गए। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार ने समझौते का रास्ता ही ठीक समझा। हड़ताल जारी रहने की स्थिति में उत्तर भारतीय राज्यों के नजरिए से महत्वपूर्ण 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा नेपथ्य में जाने का खतरा था। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने से कीमतें बढ़ने और अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित होने की परिस्थितियां भी बन सकती थीं जो आसन्न लोकसभा चुनावों में पार्टी की विजय के लिए खत़रनाक होतीं। इस बीच शाजापुर कलेक्टर का कारनामा भी चर्चा में रहा। साहब हड़ताल तोड़ने और व्यवस्था पुनर्स्थापित करने की महत्वपूर्ण कोशिश के लिए ड्राइवरों से बात करते करते अचानक तैश में आ गए और एक ड्राइवर को उसकी औकात याद दिला बैठे। चालक ने भी कह दिया : औकात ही तो नहीं है हमारी, वही बनाने की कोशिश तो कर रहे हैं। बात पते की थी। शासकीय परिभाषा में जनसेवक कहलाए जाने वाले कलेक्टर की बात निहायत शर्मनाक तो थी ही, गंभीर परिस्थितियों में रास्ता निकालने की उनकी मूलभूत शासकीय जिम्मेदारी के भी सर्वथा विपरीत थी। भला हो मुख्यमंत्री का कि घटना का तत्काल संज्ञान लिया और कलेक्ट्री के जलवे बिखेरने वाले साहब खेद प्रकट करने और लाइन अटैच हो कर कुर्सी तोड़ने पर मजबूर हो गए। अफसर सरकार चला रही राजनीतिक पार्टी का सार्वजनिक चेहरा होते हैं। इन्हीं से जनता सरकार को पहचानती है। पिछले कुछ सालों से सरकारी नेतृत्व अफसरों के माध्यम से सीधे ही प्रशासन पर नियंत्रण की एक परंपरा के चलते उन पर निर्भर सा हो गया है। यही निर्भरता अफसरों को निरंकुश बना देती है। आजादी के बाद कितना भी परिवर्तन क्यों न हुआ हो, ब्रिटिश शासन द्वारा मूलतः राजा और प्रजा के सिद्धांत पर लागू उच्च प्रशासनिक व्यवस्था आज भी पुराने ढर्रे पर कायम है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस कदम को इसी एक घटना तक सीमित नहीं रखेंगे और निरंतर ऐसे कदम उठाएंगे जिससे पार्टी और सरकार की जनहितैषी नीति का वास्तविक चेहरा लोगों तक पहुंच सके। यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि पिछले हफ्ते ही पास कानूनों के प्रावधानों पर पुनर्विचार के उपरांत लागू किए जाने की घोषणा की परिस्थितियां बनी ही क्यों ? कानून बनाने के पूर्व ही चर्चा जरूरी क्यों नहीं जरूरी समझी गई ? यही कुछ दो साल पहले अध्यादेश रूट से लाए गए कृषि कानूनों के साथ भी हुआ था। वसुधैव कुटुंबकम् की बात करने वाले हम यह क्यों भूल जाते हैं कि सामाजिक और राजनीतिक विचार विमर्श ही स्वस्थ प्रजातंत्र और प्रशासन की कुंजी है। नीति निर्धारण में जमीनी हकीकतों से अनजान अहंकारी अफसरों पर ही निर्भरता अच्छी नहीं है।

## बच्चों को खेलने दें

बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ ही खेल भी अहम भूमिका निभाते हैं। खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता



है। खेल से बच्चे एक-दुसरे की भावना को समझने के साथ ही आदर करना भी सीखते हैं। खेल से बच्चे एक-दुसरे से मिल-जुल कर रहना सिखते हैं। खेल बच्चे के समाजिक विकास में भी सहायमा करता है। खेल भविष्य में बच्चे के आर्थिक विकास मे भी मदद करता है, क्योंकि ये आर्थिक आमदनी का भी माध्यम बन सकता है। खेल के माध्यम से बड़ों को भी बच्चे की रुचियों के बारे में जानकारी मिलती है। खेल बच्चों को अनुशासित बानाने में मदद करता है। खेल से भाईचारे की भावना उत्पन्न होती है। खेल बच्चे मे एकाग्रता उत्पन्न करता है। बच्चे के पूर्ण विकास के लिए खेल का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए बच्चों को खेलने का भरपुर मौका देना चाहिये। जो खेल घर के बाहर खेल जाते हैं उससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास दोनो होता है, परन्तु जो खेल घर के अन्दर( इंडोर ) में खेले जाते हैं उनसे मानसिक विकास होता है। बच्चे के सम्पूर्ण विकास के लिए आउटडोर एक्टिविटी बहुत जरूरी होती है। तो, इस बात का ध्यान रखें कि बच्चा पढ़ाई के अलावा अन्य कामों में भी बराबर की भागीदारी करे। खेल किसी भी प्रकार का हो बच्चे को खुशी प्रदान करे तो बच्चे का विकास तय है। खेल और विकास में नाता - खेल बच्चों के विकास के लिये बहुत हीं महत्वपूर्ण होता है। बच्चे बहुत कुछ खेल-खेल में सीख जाते है। बच्चे का खेल के द्वारा विकास होता है। खेल बच्चे को खुशी देता है जोश का नया संचार करता है। खेलने से बच्चे की कार्यक्षमता बढती है। खेलने से बच्चे के आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बच्चे खेलते समय अपने निर्णय खुद लेते है जिसकी वजह से उसके निर्णय लेने के गुण/कौशल का भी विकास होता है और साथ ही उसके आत्मविश्वास में भी बढ़ावा होता है। जब बच्चा किसी टीम का सदस्य बनकर खेलता है तो उसके भीतर दूसरों के साथ तारतम्य/समन्वय बना कर खेलने के गुण/कौशल का निर्माण होता है। साथ ही खेल के नियम का पालन करते हुए बच्चा नियमों का महत्त्व और उनका पालन करने की कला को भी सीखता है। इन सबके अलावा आपका बच्चा प्रतिस्पर्धा या कहें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्त्व को भी पहचान पाता है। खेलने से बच्चा शारीरिक रूप से सक्रीय/फुर्तीला होता है जिस कारण वह शारीरिक रूप से फिट रहता है। इससे उसके अन्दर स्टैमिना भी बढ़ता है। मानसिक रूप से भी बच्चा फिट रहता है।इसके अलावा खेल बच्चे में कलात्मकता का भी विकास करता है। उसे सामाजिक बनने में मदद करता है। और यह गुण/कौशल उसे जीवन भर आगे बढ़ने में मदद करता है। खेलने से तनाव कम होता है और बच्चा मानसिक रूप से तारोताजा हो जाता है जोकि उसकी पढाई में उसकी मदद करता है। बच्चे का विकास स्वस्थ तरीके से हो तो उसके लिए खेल खेलना बहुत ही जरुरी है। एक बार जो बच्चों खेल के मैदान मं उतर आता है वह अपने आप ही अनुशासित हो जाता है।

## ब्रिटेन की 3 दिवसीय यात्रा पर जाएंगे राजनाथ

लंदन,( ए )रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को जाएंगे। करीब 22 वर्ष बाद देश के रक्षा मंत्री की यह 3 दिवसीय ब्रिटेन यात्रा होने जा रही है, जिसे लेकर रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में भारत तथा ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय साझेदारी के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रक्षा मंत्री सिंह की यह यात्रा इसलिए भी अहम है क्योंकि जून 2022 में राजनाथ सिंह की ब्रिटेन की पूर्व नियोजित यात्रा को भारतीय पक्ष ने प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए इसे रद्द कर दिया था। अब इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

# हिट एंड रन - जल्दबाजी में बनाया गया कानून

ऋतुपर्ण दवे

सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टरों की देश व्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देश भर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को हिट एंड रन मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिन्ता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम-चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिन्ता भी नकारी नहीं जा सकती है।कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है।

भारत में हर साल करीब साढ़े 4 लाख सड़क दुर्घटनाओंमें डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकिहिट एंड रन से 25-30 हजार लोगोंकी जान चली जाती है। सच है किदुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसलाकरने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवरकिस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समते ड्राइवर को जिन्दा तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अक्सर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर।

भारत में करीब 1 करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टरों का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिए थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीननट्रांसपोर्टेशनदेश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देश भर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घण्टों में देख लिया।

यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपीपर आपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुर्मानेका प्रावधान रहा। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएसजो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा।इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है।लेकिन बड़ा सवाल कि आरोपी ड्राइवर की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी,भले ही टक्कर सामने वाले की गलती से हुई हो?वहीं दुपहिया वाहन चालकों के मामले तो अक्सर सामने या साइड से आकर पीछे के चकों से दुर्घटनाग्रस्त होने के न जाने कितने मामले हैं। निश्चित रूप से हरेक में मौके पर आरोपी बड़ा वाहन वालाही कहलाता है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि बड़े वाहन भी साइड देते समय सड़क नहीं छोड़ते हैं। सामने से आ रहा वाहन इस मुगालते में रहता है कि खाली सड़क है साइड मिलेगा। लेकिन पलक झपकते आमने-सामने आ जाते हैं और नतीजा गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो जाता है।

भारत में इस कानून में सुधार की दरकार जरूरी है। लेकिन सभी पहलुओं पर विचार के साथ। दुनिया भर के कानूनों को भी देखना होगा जहां ड्राइवर बनना एक सम्मानजनक पेशा है। संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में ऐसे मामलों में ड्राइवर को सबसे पहले गाड़ी से जुड़े दस्तावेज पुलिस को सौंपने होते हैं। अगर घटनास्थल पर पुलिस नहीं है तो 6 घंटे के अंदर जानकारी पुलिस को देनी होगी। देरी पर वजह बतानी होगी। यहां ड्राइवर को चार साल की जेल या उससे 44,44,353 रुपए बतौर जुर्माना वसूला जा सकता है। लेकिन एक्सीडेंट के कारण कोई घायल होता है और उसे हॉस्पिटल ले जाया जाता है तो दोषी ड्राइवर को 2 साल की जेल और 22 हजार रुपए तक जुर्माना वसूला जाएगा। कनाडा में ड्राइवर को 5 साल की जेल लेकिन एक्सीडेंट से मौत पर आजीवन कैद का प्रावधान है। गलत जानकारी देने पर जुर्मान बढ़ सकता है। अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग नियम हैं। ड्राइवर की भूमिका से दुर्घटना की गंभीरता आंकी जाती है। इससे जुर्माना और सजा भी घट-बढ़ जाती है। जुर्माने के साथ 10 साल की जेल तक हो सकती है। ब्रिटेन में ड्राइवर के मौके पर रहना या भाग जाना भी सजा तय करता है। यहां अनिश्चित जुर्माने के साथ 6 माह की जेल का प्रावधान है। सबसे कम सड़क दुर्घटनाएं जापान में होती हैं। वर्ष 2020 में से केवल 3416 लोगों को ही अपनी गंवानी पड़ी। लेकिन अमेरिका, जापान, नार्वे, स्वीटडरलैंड जैसे विकसित देशों की तुलना हम बहुत पीछे हैं। यहां हिंट एंड रन से मौतों का आंकड़ा अत्याधिक है जिसकी वजह लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के साथ सड़क नियमों का पालन नहीं करना है। इसमें सीट बेल्ट, हेलमेट नहीं पहनना तथा ओवरस्पीडिंग है जो कैमरों से पकड़ी जा सकती है तो नशे में गाड़ी चलाने वालों की जांच टोल नाकों पर ऑटोमेटिक मशीनें लगाकर की जा सकती हैं जो अगले पुलिस टीम, चौकी या उड़न दस्ते को संदेश भेज दे।

यकीनन कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पता साजीकीतो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं, टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपी तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाईवे और राजमार्गों पर अरबों रुपए खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आँख और तकनीक की निगरानी सेड्राइवरोंपर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएंगी तो सख्त और प्रैक्टीकल कानूनोंसे भला कोई क्यों ऐतराज करेगा?

# प्रथम ग्रासे मक्षिका पात..

राकेश अचल

इस समय भारत में अयोध्या धर्म और राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र है,क्योंकि आये दिन यहां 22 जनवरी को प्रस्तावित नवनिर्मित मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार की खबरें आ रहीं हैं। रामलला को सियासी औजार बनाने के खिलाफ सबसे पहले जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती बोले और अब उनका अनुशरण करते है द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी अयोध्या न जाने का ऐलान कर दिया है। संस्कृत की कहावतों में इसे प्रथम ग्रासे मक्षिका पात कहते हैं यानि पहले ही कौर ड-निवाले . में मख्खी का गिर जाना कहते हैं।

धर्म के मामले में अपना ज्ञान बेहद सीमित है। इसलिए मंदिर कैसा बना ,वहां मुहूर्त किसने ,कैसा निकलवाया या प्राण-प्रतिष्ठा का यजमान कौन हो और कौन न हो ? इससे अपना कोई लेना-देना नहीं है । अपने राम तो खुश हैं कि जैसे -तैसे अयोध्या में मंदिर बन गया। अर्थात अपनेराम को आम खाने से मतलब है न कि पेड़ गिनने से। किन्तु जो सचमुच सनातन धर्म और संस्कृति के वास्तविक ध्वजवाहक बोलते हैं तो लगता है कि - कहीं न कहीं दाल में काला है। हमारे यहां आदि कहावत है कि आप तेली का काम तमोली से नहीं करा सकते ,क्योंकि हर काम का एक विशेषज्ञ है । तिलों से तेल निकालने में जितना सिद्धहस्त एक तेली हो सकता है उतना तमोली नही। शायद यही बात पहले स्वामी निश्चलानंद ने कही और अब यही बात स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी कह रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद कि पीठ गुजरात में है।

हम जैसे धर्मपरायण लोग इस बात से खुश थे कि मौन रहने के इस युग में कम से कम हमारे पास एक जगद्गुरु स्वामी निश्चलानंद तो हैं,लेकिन अब हमें संतोष हैं कि धर्मपथ पर स्वामी निश्चलानंद अकेले नहीं है। उनके साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी है। मुमकिन हैं कि 22 जनवरी से पहले देश के चारों शंकराचार्य अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अधार्मिक आयोजन को लेकर एक राय हो जाएँ ,हालाँकि इस प्रतिरोध से 22 जनवरी का सियासी कार्यक्रम अप्रभावित ही रहेगा ,क्योंकि राज हठ सभी हठों से ज्यादा प्रबल होता है।

ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शास्त्रीय परंपराओं का अनुसरण नहीं किया जा रहा। भारत में राजा और धर्माचार्य हमेशा से ही अलग रहे हैं, लेकिन अब राजा को ही धर्माचार्य बनाया जा रहा है। यह भारतीय परंपराओं के विरुद्ध है। वह 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने अयोध्या नहीं जाएंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में सदैव से ही राजा राज करते रहे हैं और धर्म की स्थापना की जिम्मेदारी धर्माचार्यों पर छोड़ी जाती है।वर्तमान समय में इन परंपराओं का निर्वहन नहीं किया जा रहा। अब राजा को ही धर्माचार्य माना जा रहा है। इसके तहत अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तय किया गया है कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दर्शन करेंगे। उनके जाने के बाद धर्माचार्यों को दर्शन के लिए भेजा जाएगा जो पूर्णतया गलत है।

धर्म के बारे में यदि एक छोड़ दो-दो शनकराचार्य एक ही बात कह रहे हैं तो देश कि धर्मप्राण ,धर्मांध जनता को मान लेना चाहिए कि अयोध्या में जो कुछ हो रहा है उसका धर्म कोई लेना देना नहीं है । अयोध्या का 22 जनवरी का कार्यक्रम सौ फीसदी राजनितिक कार्यक्रम है । फर्क सिर्फ इतना है कि उसके ऊपर धर्म का मुलम्मा चढ़ाया गया है। मुलम्मा यानि कलई चढाने का काम अरसे से बंद हो गया है अन्यथा एक जमाने में पीतल के बर्तनों पर कलाई चढ़ाना भी एक व्यवसाय हुआ करता था। अब ये काम सियासत में होता है। मुलम्मा यानि कलई कुछ देर के लिए तो बर्तन की चमक बढ़ा देती है किन्तु बाद में ये उतरने भी लगती है ,और जब उतरती है तब बर्तन बेहद बदरंग नजर आने लगते हैं। यही हाल सियासत में धर्म कि कलई लगाने का हो सकता है।

सत्तारूढ़ दल के हाथों इन दिनों कठपुतली बने राम मंदिर न्यास ने अपने प्रतिद्वंदियों को धर्मसंकट में डालने के लिए 22 जनवरी को अयोध्या आने का न्यौता दिया है । कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दलों ने इस मंशा को समझा और इसे नाकाम करने के लिए 22 जनवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने की घोषणा कर दी है। भाजपा चाहती थी कि सभी विपक्षी दल प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करें और उन्हें तत्काल धर्मविरोधी कहकर मतदाताओं को भड़काया जा सके। लेकिन अब ऐसा नहीं होने जा रहा। जब देश के दो शंकराचार्य ही इस प्राण-प्रतिष्ठा का हिस्सा नहीं हैं तब कोई दूसरा नेता इसमें शामिल हो या न हो इससे क्या फर्क पड़ने वाला है ? रामलला को भी किसी के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला लेकिन वे शंकराचार्यों के न आने से क्षुब्ध अवश्य होंगे।

भाजपा भूल गयी है कि रामलला किसी राजनीतिक दल के नेता नहीं है जो उनके लिए भीड़ धोकर लाइ जाये । भाजपा ने रामलला के लिए भीड़ जुटाने का दायित्व अपने बूथ स्तर के प्रभारियों तक को सौंपा है। भाजपा हर दिन रामलला के सामने 50 हजार की भीड़ प्रस्तुत करना चाहती है। भाजपा को लगता है कि यदि भीड़ न आई तो रामलला नाराज हो जायेंगे ,लेकिन ऐसा है नही। लोग रामलला के दर्शन करने अपने पैसे से तब भी अयोध्या जा रहे थे जब वे एक तम्बू में विराजते थे,वे आज भी अयोध्या जायेंगे जब उनके लिए एक भव्य-दिव्य मंदिर बना दिया गया है। बल्कि अब अयोध्या जाना और मंहगा हो गया है क्योंकि सरकार ने इस पवित्र शहर को एक पर्यटन नगरी में तब्दील कर दिया है। अब यहां रहना,खाना घूमना सब पहले के मुकाबले मंहगा हो गया है।

स्वामी अवमुक्तेश्वरानन्द का कहना है कि अयोध्या में शुरू से ही गड़बड़ी हो रही है। वे मानते हैं कि मस्जिद के ढांचे को तोड़ना भी न्याय विधान के तहत नहीं था। हिंदुओं को खुश करने के लिए ही इसे तोड़ा गया था जबकि न्याय विधान के तहत इसे प्राप्त किया जाना चाहिए था। जिस समिति ने केस जीता उसे बाद में हटा दिया गया और नई समिति बना दी गई, जो न्यायसंगत नहीं है।उन्होंने कहा कि किसी भी मंदिर में निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले प्राण प्रतिष्ठा नहीं होती। प्राण प्रतिष्ठा तभी संभव है जब उसका निर्माण कार्य पूरा हो जाए। अयोध्या में फिलहाल गर्भगृह का फर्श बनाकर उस पर खभ्भे खड़े कर दिए गए हैं। मंदिर का पूर्ण निर्माण नहीं हुआ है।ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा उचित नहीं है।

बहरहाल भाजपा के लिए संतोष की बात ये है कि उसके पास अभी भी चार में से दो शंकराचार्यों का आशीर्वाद है। वे भाजपा कि सत्ता और उसके द्वारा रामलला के मंदिर के लिए किये गए प्रयासों से शायद खुश हैं। वैसे भाजपा के पास अभी भी समय है कि वो शंकराचार्यों द्वारा उठाई गयी आपत्तियों का निवारण कर रामलला कि प्राण -प्रतिष्ठा में अपने नेता को यजमान बनाने के प्रश्न को अपनी मान -प्रतिष्ठा से न जोड़े। प्रधानमंत्री जी को श्रेय तो रामलला के दर्शन करने मात्र से मिलने वाला है। कांग्रेस क्या कोई भी दूसरा दल प्रधानमंत्री से ये श्रेय नहीं छीन सकता। भाजपा कि उपलब्धि है कि उसने देश की जनता के साथ ही शंकराचार्यों को भी विभाजित करने में सफलता हासिल कर ली है। भाजपा चाहे तो विरोधी शंकराचार्यों के यहां ईडी भिजवा सकती है।आखिर उनकी हैसियत ही क्या है ?

## धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

गहन वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई। इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं? प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें। यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो। धर्मराज बोले, यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अत? यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है। यक्ष ने सुना, तो भावविह्वल हो बोला, युधिष्ठिर तुम धर्मतत्व के ज्ञाता हो, मैं तो सिर्फ तुम्हारी परीक्षा ले रहा था कि तुम वास्तव में धर्म के अवतार हो या नहीं। अतएव मैं चारों भाईयों को जीवन देता हूं।

## बच्चों के बेहतर जीवन के लिए रखें ये सावधानियां

अगर आप अपने बच्चों के सामने शराब या सिगरेट पीते है, तो सावधान हो जाएं क्योंकि आपकी यह आदत आपके बच्चों के जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह सामने आया है कि माता-पिता की जीवनशैली का उनके बच्चों पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। अगर बच्चों के सामने उनके माता-पिता सिगरेट पीते हैं तो उनके बच्चों में भी बड़े होने पर सिगरेट पीने की लत लग जाती है। इसलिए अगर ऐसे आदत है तो उसे छोड़ देने में ही भलाई है। अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि माता-पिता की जीवनशैली का बच्चों पर 2 तरह से असर पड़ता है। पहला, जिन लोगों का बचपन गरीबी की हालत में गुजरता है। वो बड़े होकर भी उसी हालत में रहते हैं। वहीं दूसरा यह है कि बच्चों को भी अपने माता-पिता जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। इस अध्ययन में 50 और उससे ज्यादा की उम्र वाले लगभग 21,000 लोगों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने इन लोगों में स्मोकिंग की लत, मोटापा, अल्कोहल की लत, एक्सरसाइज ना करने की आदत को उनके बचपन में उनके माता-पिता की आदतों के साथ तुलना कर के देखा है।

# सिद्ध साधना स्थली है कविता पर्व - प्राचार्य पटवा

## डॉ.आलोक सोनी ने किया पटवा, मोर, शर्मा का सम्मान

दतिया ब्यूरो। 'कविता पर्व चलते चलते लगभग उन्नीस वर्ष हो गये हैं, साहित्य जगत के इतिहास में इसका गौरव पूर्ण स्थान हैं। शिक्षा शास्त्री डॉ.आलोक सोनी सम्पूर्ण साहित्य जगत के प्रेरणास्त्रोत आधार स्तंभ हैं। राष्ट्रवादी रचना पाठ ने हम सभी में ऊर्जा का संचार कर दिया। सिद्ध साधना स्थली है कविता पर्व' उक्त विचार डॉ. आलोक संस्थान के तत्वाधान में, न्यू दतिया पब्लिक स्कूल के परिसर में डॉ.सीकर की स्मृति में आयोजित 225वें 'मासिक कविता पर्व में, मुख्य अतिथि की आसंदी से शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल दतिया के प्राचार्य बी.के.पटवा ने व्यक्त किए। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. आलोक सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती गायत्री देवी मोर एवं पूर्व प्रधानाचार्य कमलकांत शर्मा उपस्थित थे। कविता पर्व का संचालन सुप्रसिद्ध कवि राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अमर सिंह दिनकर ने किया। सरस्वती वन्दना कवि सुंदरलाल श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। उन्होंने कविता पाठ करते हुए कहा - मान चलों गओ रे, सम्मान चलो गओ रे, भरपूर सराही गई। अमर सिंह दिनकर ने सुन्दर रचना पाठ करते हुए कहा - एक आदमी वो है जो आदमी के खातिर मरता है, सराही गई। युवा कवियत्री श्रीमती मंजू खरे ने उत्कृष्ट रचना पाठ करते हुये कहा - प्रभु हम पर दया कर दो, हम इन चरणों में आये हैं' सभी को आनंदित कर गई। प्रसिद्ध कवि डॉ.राजेन्द्र सिंह खेंगर ने राष्ट्रवादी रचना पाठ करते हुए कहा - भारत मां हमको वर देना, हम तेरी संतान। मरते दम तक दिल से निकले, जय हो हिंदुस्तान, सराही गई। विशिष्ट अतिथि कमलकांत शर्मा ने कहा - 'सम्पूर्ण भारत के साहित्यकार प्रेरणादाई कविता पर्व में आकर, ऊर्जावान होकर लोटते है साहित्यक प्रेरणास्थली के नाम है कविता पर्व। इस अवसर पर कमलकांत शर्मा ने कविता पाठ करते हुए कहा - पिता रो रहे घर के अंदर, पुत्र करे हैरान, भरपूर तालियां बजवाई। विशिष्ट अतिथि गायत्रीदेवी मोर ने कहा - डॉ.आलोक सोनी साहित्य जगत के देदीप्यमान नक्षत्र हैं, लगातार चलने वाले कविता पर्व ने दतिया के अनेक कवियों को स्थापित कर दिया। गायत्रीदेवी मोर ने उत्कृष्ट रचना पाठ किया। इस अवसर पर डॉ.आलोक सोनी ने कविता पर्व के अतिथिगण बी.के. पटवा, कमलकांत शर्मा, गायत्रीदेवी मोर का अंगपट्टिका, फूल माला पहनाकर, श्रीफल भेंट करके सम्मान किया। कवि मनीराम शर्मा ने कहा - नए वर्ष में नई चेतना, उन्नति पथ का लक्ष्य रहे, उत्कृष्ट रचना पाठ किया। हेड कांस्टेबल सुघर सिंह रावत ने कहा - सियासत के सियारों से, मेरी तकरार होती है, सराही गई। ईमाम डॉ.माशूक अली ने एक से बढ़कर एक राष्ट्रवादी रचना सुनाकर राष्ट्र वंदना की। इस अवसर पर बी.के.पटवा ओर डॉ.आलोक सोनी को कमलकांत शर्मा ने अपनी कृति अवतरण भीष्म का, गायत्री मोर ने चिंतन के स्वर, मनी राम शर्मा ने हम हैं इन गांवों के ठौर के पुस्तकें भेंट की। सहदेव कुशवाहा, श्याम लाल प्रजापति उपस्थित थे। आभार दिनेश श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।






# बदमाशों ने एक बार फिर दी पुलिस को चेतावनी

## डोलेक्स शुगर मिल पर बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां

फोटो- 1 में पुलिस अधीक्ष प्रदीप शर्मा ने ली क्राईम मीटिंग इसके बाद थाना पुलिस ने धरे आरोपी

दतिया ब्यूरो। बदमाशों ने एक बार फिर दी पुलिस को चेतावनी।डोलेक्स शुगर मिल पर बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियॉ। बदमाशों को आता देख फैक्ट्री के स्टाफ में मची भगदड़।बदमाशों ने मिल के गेट पर दागी गोलियां।जानकारी के अनुसार शुगर मिल में कुछ लेबर को नौकरी से निकाले जाने से नाराज बदमाशों ने की फायरिंग।बदमाशों की करतूत सीसी टीव्ही कैमरे में हुई कैद।बड़ौनी पुलिस जाँच में जुटी,वारदात का सीसीटीवी फुटेज आया सामने।पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठकएसपी प्रदीप शर्मा ने ली क्राइम मीटिंग। पुलिस अफसरों और थाना प्रभारियों के साथ की मीटिंग। जुआ, सट्टा, कट्टा, रेत उतखन्न और अवैध शराब को सख्ती से रोकने के निर्देश। फरार बदमाशों और स्थायी वारंटियों की धरपकड़ करने और जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्यवाही करने के भी दिये निर्देश। वैठक में एएसपी सुनील शिवहरे, दतिया एसडीओपी प्रियंका मिश्रा, बड़ौनी एसडीओपी विनायक शुक्ला, सेबड़ा एसडीओपी अखिलेश पुरी गोस्वामी सहित जिले भर के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## इंग्लैंड टीम के शेफ लेकर भारत आने को लेकर सहवाग ने किया मजेदार कमेंट

लंदन (ए.)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत के आगामी दौरे पर एक शेफ (रसोइये) के साथ यात्रा करने का फैसला किया है जिससे चटपटा खाना पसंद करने वाले खिलाड़ियों को भी पौष्टिक आहार मिल सके। इंग्लैंड टीम इसी महीने 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी। इस दौरे में खिलाड़ियों को फिट रखने और उन्हें बीमारे से बचाने के लिए भी ईसीबी ने उनके खाने का भी विशेष ध्यान रखने के लिए रसोइया साथ भेजने का फैसला किया है। वहीं इंग्लैंड टीम के आगामी भारत दौरे में रसोइये को भी साथ भेजने को लेकर भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग ने मजाकिया लहजे में कहा कि लगता है ये स्थिति एलिस्टेयर कुक के टीम से जाने के बाद आई है। टीम के साथ इस रसोइये उमर मेजयान ने इससे पहले दिसंबर 2022 में टीम के साथ पाकिस्तान की यात्रा की थी। इंग्लैंड टीम के शेफ उमर 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के पहले भारत पहुंच जाएंगे। इंग्लैंड के साथ भारतीय टीम के मुकाबले विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में भी होंगे।

## इन ग्रामों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा आज

दतिया ब्यूरो/ विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत दतिया में 8 जनवरी को दोपहर 10 बजे नुनवाहा में, दोपहर 2 बजे गरेरा में, 9 जनवरी को प्रातः 10 बजे कटीली में, दोपहर 2 बजे बनवास में, 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे हतलव में दोपहर 2 बजे जिगना में यात्रा पहुंचेगी। जनपद पंचायत भाण्ड़ेर में 8 जनवरी को प्रातः 10 बजे धनौटी में, दोपहर 2 बजे लहार हवेली में, 9 जनवरी को प्रातः 10 बजे धरमपुरा में, दोपहर 2 बजे बरचौली में, 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे कुतौली में, दोपहर 2 बजे सोफ्ता में यात्रा पहुंचेगी। जनपद पंचायत सेवढ़ा में 8 जनवरी को प्रातः 10 बजे खेरीदेवा में, दोपहर 2 बजे परसोदा गूजर में, 9 जनवरी को प्रातः 10 बजे पिपरौआ में, दोपहर 2 बजे चकवैना में, 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे जोनियां में, दोपहर 2 बजे दोहर में यात्रा एवं शिविर का आयोजन होगा केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल की तरफ से मध्य प्रदेश के दतिया जिल्हे के इंदरगढ़ गांव में 5 जनुअरी 2024 को 'प्रक्षेत्र दिवस' का आयोजन किया गया । प्रक्षेत्र दिवस का विषय था 'कृषि यांत्रिकीकरण और अन्न प्रसंस्करण पर जानकारी एवं प्रदर्शन। कार्यक्रम में दतिया जिले के विभिन्न गांव के लगभग 150 किसान उपस्थित थे। संसद सदस्य, श्रीमती संध्या राय, कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थी। साथ ही केशव दुबोलिया, प्रभारी स्वावलम्बी भारत योजना, मध्य प्रदेश, छत्तीस गढ़, सुरेंद्र बड़ोलिया, जिल्हा अध्यक्ष्य दतिया, महेंद्र यादव, अध्यक्ष्य, किसान मोर्चा जैसे गणमान्य जनों ने कार्यक्रम उपस्तिथि दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। डॉ शुकदेव मंगराज, प्रभागाध्यक्ष, कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल, ने अपने स्वागत भाषण में संस्थान के बारे में और केंद्र सरकार के गरीबी लेखा के निचे के लोगों के लिए योजना के बारे में जानकारी दी । संसद सदस्य, माननीय श्रीमती संध्या राय, ने अपने उद्बोधन में किसानों को नई विकसित कृषि तकनीकों को अपनाने और आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किय। उपस्थित सभी महानुभावों ने भी भाषण दिया और दतिया जिल्हे के विभिन्न गांवों के उपस्थित किसानों को प्रेरित किय। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों और किसानों के सामने कुछ कृषि उपकरण जैसे मूंगफली फोड़ने का यन्त्र, खाना पकाने का स्टोव, सोया दूध उत्पादन प्रक्रिया, मक्का शेलर का प्रदर्शन किया गया। किसानों को ऐसी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## श्वेता के दोहरे शतक से दिल्ली 400 रनों से जीती

### सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी

मुम्बई (ए.)। श्वेता सहरावत के शानदार दोहरे शतक की सहायता से दिल्ली की घरेलू सीनियर महिला टीम ने एकदिवसीय ट्रॉफी में नगालैंड को 400 रनों से हरा दिया। इस मैच में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्वेता के 242 रनों की सहायता से 50 ओवर में 455 रन बनाये। श्वेता ने 150 गेंदों में 31 चौके और 7 छक्के लगाकर 242 रन बनाए। इसके बाद इस मैच में जीत के लिए मिले विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम 55 रन ही बना पायी। दिल्ली की ओर पारुणिका सिसोदिया, हरेंद्र मधु और प्रिया मिश्रा ने 3-3 विकेट लेकर नगालैंड को समेट दिया।दिल्ली टीम ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रिया पूनिया के शुरुआत में ही आऊट होने के बाद श्वेता ने प्रतिका रावल के साथ मिलकर 233 रनों की साझेदारी बनायी। प्रतिका ने अपनी पारी में 101 रन बनाए। प्रतिका के आऊट होने के बाद श्वेता ने तनिषा के साथ मिलकर 178 रन बनाये। तनिषा ने 67 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए नागालैंड की टीम 24.4 ओवर में केवल 55 रनों पर सिमट गयी। उसकी एक खिलाड़ी रोहिनी माने ही 10 रन पायी।

## अ.भा. महासचिव म.प्र प्रभारी, म.प्र कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के जिले में आगमन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस ने ली कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक

मुरैना! अखिल भारतीय महासचिव मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह जी, युवाओं के चहेते जनप्रिय मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी, कांग्रेस के तेज तर्रार विधानसभा नेता प्रतिपक्ष माननीय उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष मान. हेमंत कटारे , पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. मान. गोविन्द सिंह , पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक मान. जयवर्धन सिंह , पूर्व मंत्री मान. लाखन सिंह यादव एवं पूर्व मंत्री मान. रामनिवास रावत, लोकसभा की तैयारियों एवं संगठन को गति प्रदान करने के लिए दिनांक 10 जनवरी व 11 जनवरी 2024 दो दिवसीय संगठनात्मक दौरा करेंगे। वह दौरे के दौरान दिनांक 10 जनवरी को दोपहर 3:30 बजे अंबाह में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेगें, उसके पश्चात शाम 4:30 बजे मुरैना के लिए प्रस्थान करेगें, इस बीच कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सभी गणमान्य नेताओं का दिमनी सहित अन्य कई जगह स्वागत भी किया जावेगा, उसके तत्पश्चात शाम 5:30 बजे मुरैना नगर निगम टाउन हॉल में मध्य प्रदेश प्रभारी , मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष , उप नेता प्रतिपक्ष, सहित मध्य प्रदेश के कई वरिष्ठ नेतागण समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और मुरैना में रात्रि विश्राम करेगें। दूसरे दिन दिनांक 11 जनवरी को सुबह 10 बजे मुरैना से जौरा के लिए प्रस्थान करेंगे इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सुमावली सहित कई अन्य जगह समस्त नेताओं का स्वागत किया जावेगा और जौरा में सुबह 11 बजे समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशाल बैठक लेंगे, इसके उपरांत जौरा से सबलगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे और इस बीच जगह-जगह कई समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा और दोपहर 1 बजे सबलगढ़ में विशाल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। प्रदेश के नेताओं के आगमन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर दिनांक 7 जनवरी 2024 रविवार को दोपहर 12:30 बजे एक जिला स्तरीय वृहद बैठक रखी गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने मुरैना जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षगणों, महिला कांग्रेस, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षगणों, पार्षदगणों, मंडल एवं सेक्टर के अध्यक्षगणों, एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्त्तागणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर प्रदेश के नेताओं का स्वागत कर कार्यक्रम को सफल बनाएं और आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर पूर्ण बहुमत से कांग्रेस को जीत दिलवाए। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा, शहर अध्यक्ष श्री मधुराज सिंह तोमर, मुरैना सह प्रभारी लतीफ खान मुल्लू, सह प्रभारी आर.डी सिंगल, जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, सभापति राधारमण डंडोतिया, संगठन मंत्री ग्रामीण कांग्रेस सुभाष सिंह सिकरवार, संगठन मंत्री शहर कांग्रेस सत्यपाल कुशवाह, वीरेंद्र हर्षाना रांशू, रघुनंदन कुशवाह, हरीसिंह सिकरवार, रामहेत पिप्पल, रन सिंह सिकरवार, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह डंगस, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शर्मा, विनोद शर्मा, दिनेश गोयल, लोकेंद्र यादव, कुलदीप यादव, गजेन्द्र सिंधी, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सिकरवार गुर्जा, विक्रमराज मुदगल,आदि




## किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना 8 जनवरी को "विकसित भारत संकल्प यात्रा" में सुमावली पहुंचेंगे

मुरैना /मध्यप्रदेश शासन के



किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे आमजनों से भेंट करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे ग्राम बागचीनी में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" में शामिल होंगे। मंत्री श्री कंषाना रात्रि विश्राम मुरैना में करेंगे। शेष कार्यक्रम मंत्री के अनुमति के अनुसार प्रथक से जारी किये जायेंगे।

## टीएल बैठक 8 जनवरी को

मुरैना /कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे टीएल बैठक कलेक्ट्रेट परिसर के एनआईसी कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## "विकसित भारत संकल्प यात्रा" 8 जनवरी को जिले के 14 ग्रामों में पहुंचेगी

मुरैना /"विकसित भारत संकल्प यात्रा" सोमवार को मुरैना जिले के 7 विकासखण्डों के 14 ग्रामां में पहुंचेगी। 07 जनवरी को यूपी-32-आरएन-6936 विकासखण्ड सबलगढ़ के ग्राम रूनधान खालसा में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम सालई में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक मौजूद रहकर योजनाओं के बारे में लोंगो को जानकारी दी जायेगी और वांचित लोगों को योजनाओं के बारे में सूचना देकर फार्म भी भरवायें जायेंगे। पहाडगढ़ विकासखण्ड में यूपी-32-आरजेएल-4371 ग्राम खरिका में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम सुखपुरा में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक यात्रा निकलेगी। कैलारस विकासखण्ड में एमपी-04-जीव्ही-9707 ग्राम सुरजमा में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम बालहेरा जागीर में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, जौरा विकासखण्ड में यूपी-32-एनएन-8347 ग्राम बागचीनी में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम घुर्रा में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, मुरैना विकासखण्ड में एमपी-04-जेडआई-1887 ग्राम करोला, डोलसा, कंकटपुरा, गोबरा, पिनावली में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम गड़ाजर, बसपुर में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, अम्बाह विकासखण्ड में यूपी-32-जेएन-5568 ग्राम कचनौधा में प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक और ग्राम कुथियाना में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक और पोरसा विकासखण्ड के ग्राम हमीरपुरा, महुआ में एमपी-04-जेडएच-5617 प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक यात्रा निकाली जायेंगी।

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**
राज्य कार्यालय, भोपाल
(सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार)
सत्यमेव जयते
**बी-3/4, कार्यालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल**
**फोन नं. : 0755-2583667-68** E-mail : kvicbhopal@gmail.com

**स्वरोजगार के लिए स्वर्णिम अवसर**

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) जागरुकता शिविर**

उद्योग स्थापित करने हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित "PMEGP" योजना जिसमें बैंकों द्वारा राशि 50.00 लाख तक के ऋण एवं भारत सरकार द्वारा परियोजना लागत पर 15 से 35 प्रतिशत तक अनुदान सहायता उपलब्ध हैं। यह योजना खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (MPKVIB), एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (DTIC) द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। इस योजना की विस्तृत जानकारी हेतु एक दिवसीय जागरुकता शिविर का निम्नानुसार आयोजन किया जा रहा है :-

**दिनांक : 09 जनवरी 2024 मंगलवार**
**समय : प्रातः 11.00 बजे से**
**स्थान : संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, भिण्ड लहार रोड, जिला भिण्ड (म.प्र.)**

इस योजना में स्वयं का उद्योग स्थापित करने के इच्छुक व्यक्ति शिविर में सम्मिलित होकर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपने उद्योग स्थापित कर सकते है
राज्य निदेशक

## अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव संभाग स्तरीय बैठक 8 जनवरी को मुरैना में लेंगे

मुरैना /मध्यप्रदेश शासन, प्रभारी अधिकारी चम्बल संभाग एवं अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव 7 जनवरी को भोपाल से प्रस्थान कर सायं ग्वालियर पहुंचेंगे। अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव 8 जनवरी को ग्वालियर से प्रातः 10:30 बजे मुरैना के लिये प्रस्थान करेंगे। अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव मुरैना में दोपहर 12 बजे आयुक्त चम्बल संभाग, कलेक्टर मुरैना, श्योपुर, भिण्ड एवं संभाग स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक लेंगे। श्री श्रीवास्तव अपरान्ह 2 बजे मुरैना से ग्वालियर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## यातायात रैली को पुलिस अधीक्षक चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मुरैना /मध्यप्रदेश पुलिस मुरैना, मध्यप्रदेश यातायात पुलिस मुरैना एवं भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश के सहयोग से रविवार को प्रातः यातायात रैली को पुलिस लाइन मुरैना से पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर यातायात रैली को रवाना किया।यातायात रैली में बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश के स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर, यूनिट लीडर, बड़ी संख्या में यातायात रैली में सम्मिलित हुए। यातायात रैली में सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग मुरैना श्री सुखदेव सिंह चौहान, जिला सचिव जिला मुरैना श्री शेखर सिंह यादव, रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन मुरैना श्री कनक सिंह चौहान, सीएसपी मुरैना श्री राकेश गुप्ता, टीआई मुरैना श्री एमएस चौहान, टीआई मुरैना श्री अरुण खेमरिया, यातायात पुलिस अधिकारी श्री रोहित सिंह यादव, टीआई मुरैना श्रीमती राजकुमारी परमार आदि अधिकारीगण रैली में सम्मिलित हुए। यातायात रैली मुरैना नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई। जिसमें सुरक्षित यात्रा कैसे की जाए, हेलमेट लगाना आवश्यक क्यों है, दुर्घटनाओं को कैसे रोके इस संबंध में नारे लगाते हुए बैनर एवं तख्तियों में नारे लिखे हुए रैली निकाली गई। यातायात रैली के सफल आयोजन पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग चंबल मुरैना ग्वालियर डॉक्टर दीपक पांडे, डॉक्टर विवेक राठी अध्यक्ष जिला सिंह मुरैना, श्री अशोक यादव जिला मुख्य आयुक्त जिला मुरैना उपस्थित थे।

